kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-79 ❒ रविवार, 19 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



समाप्त बजट सत्र ऐतिहासिक रहा है लेकिन इस सत्र में कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों पर महिला विरोधी होने का जो दाग लगा है वह कभी मिटेगा नहीं और आक्रोशित देश की महिलाएं अपने अधिकार छीनने के लिए इन दलों को कभी माफ नहीं करेगी। किरण रिजिजू

सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी 11

महिला अधिकारों की विरोधी हैं विपक्षी पार्टियां: रेखा गुप्ता 12

## संक्षेप

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक जनवरी 2026 से अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ाने की शनिवार को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जायेगा। सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन में मिलने वाली महंगाई राहत भी 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दी गयी है। श्री वैष्णव ने बताया कि इससे सरकारी खजाने पर हर साल तकरीबन 6,791.24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस फैसले से लगभग 50.46 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.27 लाख पेंशनभोगी लाभांवित होंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि महंगाई भत्ते में यह वृद्धि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप की गयी है।

### चार संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से [illegible] और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है। आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में ईआईडी फिट करने की तैयारी में थे।

### सरकारी कॉलेजों में जीएनएम की प्रवेश परीक्षा अटल यूनिवर्सिटी के जिम्मे

**लखनऊ।** यूपी के राजकीय और निजी जीएनएम कॉलेजों में दाखिले को लेकर शनिवार को अहम फैसला लिया गया। सरकारी कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी कराएगी। साथ ही ऐसे कॉलेज जो किसी अन्य मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध नहीं है, उनकी प्रवेश परीक्षा भी अटल कराएगा। जबकि निजी यूनिवर्सिटी से संबद्ध जीएनएम कॉलेजों में दाखिले की जिम्मेदारी उसी विवि की होगी। यूपी में 10 सरकारी कॉलेजों में जीएनएम की 513 सीटें हैं। जबकि 433 प्राइवेट कॉलेज में जीएनएम की 20245 सीटें हैं। शनिवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की प्रवेश समिति की बैठक हुई। जिसमें अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित देवगन, डीन डॉ. अशोक विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला और स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के सभी जीएनएम कॉलेज स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध है। शैक्षिक सत्र 2025-26 में अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से सरकारी व निजी जीएनएम कॉलेजों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई गई थी।

## हाईकोर्ट ने अपना ही एफआईआर आदेश रोका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❒ राहुल गांधी दोहरी नागरिकता विवाद, कहा-बिना नोटिस यह आदेश उचित नहीं था

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद में अपना ही आदेश फिलहाल रोक लिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने स्वयं माना कि राहुल गांधी को पहले नोटिस जारी किए बिना एफआईआर दर्ज करने का आदेश नहीं दिया जा सकता। इसी आधार पर अदालत ने अपने पूर्व आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह पूरा विवाद कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका से शुरू हुआ। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता से जुड़े दस्तावेज रहे हैं और वे यूनाइटेड किंगडम में मतदाता के रूप में भी पंजीकृत थे।

हालांकि 28 जनवरी 2026 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने इसी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि कोई ठोस या नया साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और मामले ने नया मोड़ ले लिया। हाईकोर्ट ने पहले गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन से संबंधित दस्तावेज मंगवाए थे और फाइलों के अवलोकन के बाद मामले को प्रथम दृष्टया जांच योग्य मानते हुए [illegible] दर्ज करने का निर्देश दिया था। लेकिन अब अदालत ने खुद यह महसूस किया कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध आदेश दिया जा रहा है उसे सुने बिना यह कदम उचित प्रक्रिया के अनुरूप नहीं था। इसीलिए अदालत ने अपने आदेश पर रोक लगाते हुए राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। कानूनी जानकारों के अनुसार यह कदम प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत यानी किसी को भी बिना सुने दंडित नहीं किया जा सकता के अनुरूप है। भारतीय नागरिकता अधिनियम के तहत दोहरी नागरिकता प्रतिबंधित है और यदि आरोप सही साबित होते हैं तो इसके गंभीर संवैधानिक परिणाम हो सकते हैं। लेकिन इससे पहले राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने का पूरा ● शेष पेज 11 पर

## नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी**



❒ पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ ने तिरुचापल्ली स्टेशन से पकड़ा, लगातार ठिकाने बदल रहा था आदित्य

ग्रेटर नोएडा । नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से दबोचा है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी। जांच में उसे पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था। जिसके बाद थाना फ़ेज-2 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें अलग-अलग राज्यों में उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का सहारा लेकर उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में ट्रेस होने के बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने बचने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आदित्य आनंद की गिरफ्तारी से श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है। उससे ● शेष पेज 11 पर

# विपक्ष को उसके पाप की सजा मिलेगी

### महिला आरक्षण बिल पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र को संबोधन, विपक्ष ने ईमानदार प्रयास की 'भ्रूण हत्या' की

**एजेंसी**

❒ कांग्रेस ने झूठ फैलाया कि परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा



नई दिल्ली। लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने स्वार्थ के कारण एक ईमानदार प्रयास की भ्रूण हत्या कर दी और देश की नारी शक्ति के सपनों को कुचल दिया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह देश की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष की राजनीति ने इसे सफल नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, देश की नारी शक्ति सब देख रही है। यह बिल गिरा, इसका मुझे गहरा दुख है। उन्होंने इसे महिलाओं के स्वाभिमान पर चोट बताते हुए कहा कि संसद में जिस तरह कुछ दलों ने इस पर प्रतिक्रिया दी, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ इस विधेयक को पारित कराने का प्रयास किया, लेकिन आवश्यक संख्या बल नहीं होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम संख्या बल में भले पीछे रह गए हों, लेकिन हमारा आत्मबल अजेय है। आने वाले समय में हम इस विधेयक को पारित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने विपक्षी दलों-कांग्रेस, डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी-पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दलों की स्वार्थी राजनीति का खामियाजा देश की महिलाओं को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री के अनुसार, ये दल महिला सशक्तिकरण के खिलाफ हैं और नहीं चाहते कि महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी मिले। उन्होंने यह भी कहा कि परिवारवादी पार्टियों को डर है कि अगर महिलाएं सशक्त हो गईं, तो उनका वर्चस्व खत्म हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसका इतिहास सुधारों को लटकाने और अटकाने का रहा है। उन्होंने जनधन योजना, आधार, डिजिटल भुगतान, जीएसटी, तीन तलाक कानून, अनुच्छेद 370 हटाने जैसे कई फैसलों का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने हर महत्वपूर्ण सुधार का विरोध किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस एक परजीवी की तरह क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है और उन्हें भी कमजोर करती है।

परिसीमन को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर झूठ फैला रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि न तो किसी राज्य का प्रतिनिधित्व घटेगा और न ही किसी की हिस्सेदारी कम होगी, बल्कि सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन को 21वीं सदी की महिलाओं को सशक्त बनाने का एक महायज्ञ बताते हुए कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं ने अपनी क्षमता पहले ही साबित कर दी है और अब वे संसद व विधानसभाओं में भी अपनी भूमिका निभाना चाहती हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भावुक होते हुए देश की महिलाओं से क्षमा ● शेष पेज 11 पर

**परिवारवादी पार्टियां डर गईं**

ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती है। लेकिन परिवारवादियों के भीतर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं।

## होर्मुज में ईरानी सैनिकों ने की गोलीबारी

**एजेंसी**




❒ भारतीय जहाजों को लौटना पड़ा

काहिर। होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से वापस लौटने का फैसला लिया। ब्रिटेन की समुद्री एजेंसी ने बताया कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी दो गनबोट्स ने ओमान के उत्तर-पूर्व में एक टैंकर पर गोलीबारी की। इसके अलावा एक अन्य कंटेनर जहाज पर भी अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला होने की खबर है। हालांकि सभी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 50 दिनों की पाबंदी के बाद शुक्रवार को इस मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इसके बाद एक दर्जन से ज्यादा टैंकर, जिनमें कुछ प्रतिबंधित जहाज भी शामिल थे, इस रास्ते से गुजरे। लेकिन शनिवार को ईरान ने फिर से पाबंदियां लागू कर दीं और कुछ जहाजों पर फायरिंग की घटना सामने आई। भारतीय नौसेना इस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल होर्मुज में भारत का कोई युद्धपोत मौजूद नहीं है, लेकिन ओमान की खाड़ी ● शेष पेज 11 पर

## केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू की खरीद को दी मंजूरी

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में 20 लाख टन आलू की खरीद को हरी झंडी दे दी। उन्होंने 'बाजार हस्तक्षेप योजना' (एमआईएस) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के इस संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में आलू की खरीद 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर की जाएगी। इस योजना में भारत सरकार का संभावित अंश 203.15 करोड़ रुपये रहेगा। इस कदम से उत्तर प्रदेश के आलू उगाने वाले किसानों को सही दाम मिलने में सहायता मिलेगी और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी से राहत मिलेगी। श्री चौहान ने उत्तर प्रदेश के साथ-साथ आंध्र प्रदेश में चना खरीद और कर्नाटक में अरहर (तूर) खरीद की अवधि विस्तार को भी मंजूरी दी है। श्री चौहान ने आज विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर ये स्वीकृतियां प्रदान कीं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के ● शेष पेज 11 पर

## मोदी 29 को करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

**सौगात**

❒ हरदोई से होगा ऐतिहासिक लोकार्पण, पश्चिम से जुड़ेगा पूर्वी उत्तर प्रदेश

❒ मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे, 12 जिलों को जोड़ेगा

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर है, जो मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव के पास समाप्त होगा। यह मार्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी यूपी से जोड़ते हुए प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक तानेबाने को मजबूत करेगा और यात्रा को तेज, सुरक्षित व सुगम बनाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे से 12 जिलों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज को सीधा लाभ मिलेगा।

इन जिलों के 519 गांव इस परियोजना से जुड़े हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। गंगा एक्सप्रेसवे इसका सशक्त उदाहरण है। वर्ष 2020 में मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया और रिकार्ड समय में इसे पूरा करने की दिशा में काम हुआ। वर्तमान में देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 55 प्रतिशत है। गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के साथ यह हिस्सेदारी बढ़कर करीब 60 प्रतिशत हो जाएगी। गंगा एक्सप्रेसवे से बेहतर कनेक्टिविटी के चलते लाजिस्टिक्स की लागत कम होगी, जिससे उद्योगों और व्यापार को लाभ मिलेगा। यह एक्सप्रेसवे नए औद्योगिक कारिडोर के रूप में विकसित होकर निवेश ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी सरकार से मांगी रिपोर्ट

# ...तो अर्धसैनिक बल कर देंगे तैनात

**एजेंसी**



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चंबल अभयारण्य क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत खनन और वन रक्षक हरकेश गुर्जर की हत्या पर सख्त नाराजगी जताई है। सर्वोच्च अदालत ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी की सरकारों को फटकार लगाते हुए चंबल क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताया। अदालत ने आदेश दिया है कि खनन क्षेत्रों में हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और वरिष्ठ अधिकारी इनकी सीधी निगरानी करें। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि खनन नहीं रुका तो वहां केंद्रीय बलों की तैनाती करा देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी सरकारों को 11 मई तक रिपोर्ट देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले स्थित राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य क्षेत्र में अवैध रेत खनन और वन रक्षक हरकेश गुर्जर की हत्या के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को फटकार लगाई है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में अवैध रेत खनन को पर्यावरण संकट बताते हुए इसे तत्काल रोकने के निर्देश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने खनन मार्गों पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी निगरानी जिला स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं प्रभागीय वन अधिकारी की ● शेष पेज 11 पर


### निचली अदालतों की आलोचना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नयी दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ उच्च न्यायालयों को आगाह करते हुए कहा है कि ''उच्च न्यायालय से जिला न्यायिक अधिकारियों के संरक्षक के रूप में भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है''। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने किरायेदारी से जुड़े एक आपराधिक मामले में आरोपी की जमानत रद्द करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि यह विवाद मुख्य रूप से दीवानी प्रकृति का है और तकनीकी आधार पर लगभग आठ साल बाद जमानत आदेश को रद्द करना उच्च न्यायालय के लिए उचित नहीं था। पीठ ने ● शेष पेज 11 पर

# ममता दीदी को हिंदुओं व जय श्रीराम से चिढ़

### 'ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है', बंगाल की धरती पर फिर गरजे सीएम योगी

**एजेंसी**



कूच बिहार/जलपाईगुड़ी। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में फिर गरजे। माथाभांगा व धुपगुडी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर लोकसभा में विपक्षी दलों के रुख की भर्त्सना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पैरोकारों ने यह संशोधन विधेयक पास नहीं होने दिया। यह देश की आधी आबादी का अपमान है, माता-बहनें इसे किसी रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगी। सीएम योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। अब बंगालवासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहन-बेटियों के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण 2029 में लागू करने का संशोधन विधेयक संसद में प्रस्तुत किया, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा व वामपंथियों ने इसे पास नहीं होने दिया। ये लोग आधी आबादी को उसका हक नहीं देना चाहते, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों की पैरोकारी करते हैं। बंगाल में मुसलमानों का नाम मतदाता सूची में चढ़े और वे गरीबों के हक पर डकैती डाल सकें, तृणमूल सरकार का यही काम है। आखिर यह कब तक चलेगा। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को गिराने से आधी आबादी का अपमान हुआ है। देश की बहन-बेटियां इसे कतई स्वीकार नहीं कर सकती हैं।

सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मां, माटी व मानुष की बात करती थी। देश-दुनिया ने संसद में मां के साथ उनके व्यवहार को देखा। बंगाल में माटी की स्थिति यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा यहां के राजवंशियों व नागरिकों का हक छीना जा रहा है। मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। उपज का दाम नहीं मिलने से किसान पलायन करने को विवश है। यूपी में आलू का दाम 15 से 20 रुपए है और यहां एक से डेढ़ रुपए। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में 7000 से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। यूपी में हमने तीन करोड़ नौजवानों को रोजगार दिया, लेकिन बंगाल में 30 लाख नौजवान बेरोजगार हुए। धान व मछली उत्पादन में लगातार गिरावट आ रही है। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता। यह पैसा तृणमूल के गुंडे व बांग्लादेशी घुसपैठिए खा जाते हैं। सैंड माफिया, बागान माफिया सभी आपके हक पर डकैती डाल रहे हैं।

टीएमसी प्रमुख पर कड़ा प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी को हिंदुओं व जय श्रीराम के उद्घोष से चिढ़ है। जिस तरह उन्होंने संसद में आधी आबादी को मिलने वाले हक का विरोध किया। ऐसे ही उन्होंने सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल के दौरान भी किया था। इस एक्ट में मोदी जी ने बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले हिंदू, जैन, सिख आदि को भारत की नागरिकता देने व जमीन का अधिकार देने का प्रावधान किया है। अभी पिछले ● शेष पेज 11 पर

# महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान देना प्रत्येक समाज की जिम्मेदारी है: ए के शर्मा

❒ नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर उत्पन्न स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर उत्पन्न स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसे विपक्षी दलों द्वारा विरोध कर गंवा दिया गया।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक का उद्देश्य महिलाओं को शासन और निर्णय प्रक्रिया में उचित भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान देना प्रत्येक समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना महिलाओं के हितों के अनुरूप नहीं है और इससे गलत संदेश जाता है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार, मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, लगातार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। सदियों से लंबित इस महत्वपूर्ण पहल को आगे बढ़ाना इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की महिलाएं जागरूक हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं। आने वाले समय में वे अपने हितों के अनुरूप निर्णय लेंगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## तहसील दिवस में किसानों की मुआवजे की शिकायत

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलौली में बीते दिनों हुई भीषण आगजनी की घटना में किसानों के खेतों गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। इस बात को लेकर पीड़ितों ने तहसील दिवस पहुंचकर शिकायत पत्र देकर मुआवजे की मांग की।वार्ड नं. 66 से पंचायत सदस्य श्रीमती रेनू यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मलौली गांव में 16 अप्रैल 2026 को लगी आग से लगभग एक दर्जन किसानों की 8 से 10 बीघा गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह जल गई थी। घटना के बाद क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व विभाग की टीम ने मौके का मुआयना त किया। इसके बाद मामले को भूल गए।पीड़ित किसानों को सरकार की ओर से कोई भी आर्थिक सहायता नहीं प्राप्त हुई।किसानों की साल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस अग्निकांड में स्वाहा हो गई है। किसानों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। शिकायती पत्र के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की गईपीड़ित किसानों को नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

# कोरांव तहसील में लंबित मामले, वादकारी-अधिवक्ता असंतुष्ट

❒ अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल, सुनवाई न होने से परेशानी: राहुल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव तहसील में बड़ी संख्या में मामलों का उचित निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इस कारण वादकारी और अधिवक्ता तहसील के अधिकारियों की कार्यशैली से असंतुष्ट हैं।तहसील कोरांव के अधिवक्ता प्रमोद शुक्ल ने बताया कि एसडीएम न्यायालय में फाट (विभाजन) के एक मुकदमे में अंतिम आदेश पारित हो चुका है, लेकिन डिग्री परवाना पर हस्ताक्षर न होने के कारण आज तक मामले का निस्तारण नहीं हो पाया है।

उन्होंने सुरेश प्रसाद (मौजा नेवढ़िया पाल) के लंबित मामले का उदाहरण दिया।इसके अतिरिक्त, धारा 38 (1) के कई मामले भी लंबित हैं, जिनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। हरिश्चंद्र बनाम ग्राम पंचायत बडोखर के मामले में पूर्व के आदेश का अनुपालन खतौनी पर नहीं हुआ है। इस कारण उन्हें खतौनी पर अमल दरामद कराने के लिए एक वर्ष से एसडीएम कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।लगाने पड़ रहे हैं।किसान संबंधित रजिस्ट्री कार्यों के कारण लेखपाल और कानूनगो तहसील परिसर में उपस्थित नहीं रहते, जिससे जरूरतमंद लोगों के कई काम बाधित हो रहे हैं। इनमें हिस्सा प्रमाण पत्र, खसरा, ईडब्ल्यूएस और हस्तांतरण रिपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।तहसील परिसर में पानी और शौचालय का भी पुख्ता इंतजाम नहीं है। जो शौचालय बने थे, वे भी अब नष्ट हो चुके हैं। जन सुनवाई के दौरान जब अधिवक्ता प्रकीर्ण आवेदनों पर अधिकारियों से आदेश या मामलों के निस्तारण की मांग करते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह मामला न्यायालय का है और इसे न्यायालय में प्रस्तुत करें।

### समाधान दिवस में अव्यवस्था पर डीएम नाराज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले के बारा तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी मनीष वर्मा भारी भीड़ और अव्यवस्था देखकर नाराज हो गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए गए। बताया जा रहा है कि उप जिलाधिकारी की कार्यशैली पर भी सवाल उठे हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान कई फरियादियों ने भू माफियाओं पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से शिकायत की। डीएम ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए।

### चोरी गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के निर्देश पर नगर जोन की कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नगद कैश और कई ई-रिक्शा बरामद किए गए हैं। डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया और बताया कि गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और कई घटनाओं में शामिल रहा है।

### खीरी थाने में अवैध वसूली के आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद के खीरी थाने क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार एक प्राइवेट व्यक्ति कथित रूप से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों से वसूली कर रहा है। साथ ही एक हेड कांस्टेबल के दो वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात रहने पर भी सवाल उठ रहे हैं, जबकि उसका ट्रांसफर हो चुका है। मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा होने की बात कही जा रही है और जांच की मांग उठी है।

### स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने आदेश जारी किया है कि 20 अप्रैल से कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्ड के स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। यह निर्णय बच्चों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है तथा अभिभावकों ने इसका स्वागत किया है।

### दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन, 10 हजार से अधिक हितधारकों की सहभागिता

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 17 व 18 अप्रैल को दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। महोत्सव में प्रदेश भर से लगभग 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों, निवेशकों एवं संबंधित हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक डेयरी तकनीकों, नंद बाबा दुग्ध मिशन और निवेश के अवसरों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रयागराज के विकास भवन स्थित गंगा सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसमें स्थानीय पशुपालकों, अधिकारियों और पैरावेट्स ने सहभागिता की। इस आयोजन को डेयरी क्षेत्र में आयवृद्धि और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### विश्व धरोहर दिवस-2026 पर प्रयागराज में सांस्कृतिक और शैक्षणिक आयोजन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विश्व धरोहर दिवस-2026 के अवसर पर प्रयागराज के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कटरा में क्षेत्रीय पुरातत्त्व इकाई द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ऐतिहासिक स्थलों और पुरातात्विक अवशेषों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें प्रदेश के कई महत्वपूर्ण स्थलों को प्रदर्शित किया गया। ल्हमारी धरोहरङ्क विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 125 छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही ल्राष्ट्रीय विरासतों के संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्ताङ्क विषय पर व्याख्यान भी आयोजित हुआ। मुख्य वक्ताओं ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और उनके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में 18 व 19 अप्रैल को आयोजित सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को कर्नलगंज इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से कराई जाए। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और निगरानी व्यवस्था को परखा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।

### यमुना में अवैध खनन का खेल, माफियाओं का सिंडिकेट सक्रिय

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज और कौशांबी में यमुना नदी अवैध बालू खनन का केंद्र बनती जा रही है। खनन माफिया सुनियोजित तरीके से कहीं की बालू और कहीं का रवन्ना दिखाकर पूरे खेल को कागजों में वैध साबित कर रहे हैं। रात होते ही मशीनों और नावों के जरिए बड़े पैमाने पर खनन किया जाता है। आरोप है कि यह पूरा नेटवर्क 'सिंडिकेट मॉडल' पर काम कर रहा है, जिसमें स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। कई स्थानों पर दिन में रास्ते खुदवा दिए जाते हैं ताकि अधिकारी मौके तक न पहुंच सकें। कागजों में सीमित घाट दर्शाए गए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कई गुना अधिक स्थानों पर खनन हो रहा है।

### जनगणना 2027 ड्यूटी से बचने के प्रयास

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों के बीच सरकारी कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी से बचने के लिए विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। महिला कर्मचारी मातृत्व अवकाश, छोटे बच्चों की देखभाल और परिवार में बीमारी का हवाला दे रही हैं, वहीं पुरुष कर्मचारी भी बुजुर्ग माता-पिता की बीमारी जैसे कारण प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रशासन के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है, क्योंकि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए पर्याप्त स्टाफ की आवश्यकता होती है। अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारी समझाने और ड्यूटी के प्रति गंभीर रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### इंग्लिश मीडियम स्कूलों की व्यवस्था पर सवाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूलों की गुणवत्ता को लेकर अभिभावकों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि स्कूलों में पढ़ाई हिंदी में कराई जा रही है, जबकि फीस इंग्लिश मीडियम के नाम पर ली जाती है। इसके अलावा हर साल किताबें बदलने से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्कूलों में योग्य शिक्षकों की कमी है और बुनियादी सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। एक शिक्षिका ने भी स्वीकार किया कि स्कूलों में अंग्रेजी वातावरण का अभाव है। अभिभावकों ने जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## कोरांव समाधान दिवस में आई 292 शिकायतें, सिर्फ 12 का निस्तारण, लोगों को जिलाधिकारी से न्याय की उम्मीद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) संदीप तिवारी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुल 292 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 12 का ही मौके पर निस्तारण हो सका।समाधान दिवस में दूर-दूर से पहुंचे फरियादियों को शिकायतें दर्ज कराने के बाद रसीदें मिलीं। हालांकि, कई लोगों ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने की शिकायत की। आरोप है कि अधिकारी अक्सर गोलमोल आख्या प्रेषित कर शिकायतों का निपटारा कर देते हैं, जिससे मूल समस्या जस की तस बनी रहती है।प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित मामले सर्वाधिक थे, जिनकी संख्या 119 रही। इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग से 35, विकास से 24, शिक्षा से 2, समाज कल्याण से 8 और अन्य विभागों से 104 शिकायतें दर्ज की गईं।क्षेत्र के लोगों में तहसील स्तर पर न्याय न मिलने को लेकर निराशा है। उनकी मांग है कि प्रयागराज के जिलाधिकारी (डीएम) स्वयं आकर उनकी समस्याओं का समाधान करें, तभी उन्हें न्याय की उम्मीद है। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजद रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने गाजीपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने मंडलीय रेल अधिकारियों के गाजीपुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया साथ ही क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी श्री आशीष जैन मंडल के वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ वाराणसी सिटी-गाजीपुर सिटी रेलखण्ड के विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए पूर्वाह्न गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुँचे । उन्होंने गाजीपुर सिटी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया,प्लेटफार्मों ,यात्री प्रतिक्षालय,टिकट काउंटरों,वाटर बूथ एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और सभी प्लेटफार्मों पर पंखे और वॉटर कूलर लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अन्तर्गत गाजीपुर सिटी स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की । उन्होंने गाजीपुर सिटी स्टेशन के पुनर्विकास से सम्बंधित शेष कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने का सम्बंधित को निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने गाजीपुर सिटी स्टेशन पर परिचलनिक व्यवस्था, संरक्षा उपकरणों तथा साफ सफाई का भी निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने गाजीपुर सिटी में स्वच्छ लिनन आपूर्ति के लिए मैकेनाइज्ड लौंडी तथा सीनियर सेक्शन कार्यालय(कार्य) का भी निरीक्षण किया और संबंधित को रख-रखाव के संबंध में निर्देश दिया।इसके पूर्व उन्होंने वाराणसी सिटी -गाजीपुर सिटी रेलखण्ड पर सैदपुर भीतरी स्टेशन यार्ड में किमी 165/37 पर स्थित समपार संख्या 3ट्ट/ड्ड का संरक्षा निरीक्षण किया तथा कार्यरत गेट मैन मनोज कुमार का संरक्षा ज्ञान परखा । निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने गाजीपुर नगर में स्थित क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया जहां उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान के आवासीय एवं खेल परिसर संस्थान गाजीपुर में अशोक के वृक्ष का पौधरोपण किया। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक ने क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर के प्रधानाचार्य श्री पवन कुमार मिश्रा के साथ प्रशिक्षण संस्थान के क्लास रूमों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने क1 मॉडल रूम, लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर एवं ट्रेन प्रबंधक के प्रशिक्षण प्रोग्राम, प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षु कर्मचारियों का ज्ञान परखा।

## महिला आरक्षण लागू हो, देरी दुर्भाग्यपूर्ण: आरती पाण्डे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) महिला प्रकोष्ठ ने शनिवार को 1090 चौराहा पर नारी शक्ति वंदना अधिनियम के तहत प्रस्तावित 33% महिला आरक्षण लागू न किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान आरती पांडे ने केंद्र एवं विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने में लगातार देरी की जा रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने मांग की कि नारी शक्ति वंदना अधिनियम के अंतर्गत 33% आरक्षण को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।प्रदेश अध्यक्ष आरती पांडे ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे धरातल पर लागू किया जाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती है, तो महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। प्रदर्शन में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अयोध्या मंडल प्रभारी शिवानी सिंह, जिला अध्यक्ष लखनऊ नमिता गोयल, प्रदेश सचिव श्यामा देवी, विमला देवी, पूजा सिंह सहित जिले की समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

### हाई कोर्ट का अहम फैसला, केवल पंजीकृत वकील ही कर सकेंगे बहस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि केवल पंजीकृत अधिवक्ता ही अदालत में बहस कर सकते हैं। अदालत ने एडवोकेट्स एक्ट 1961 का हवाला देते हुए कहा कि पावर ऑफ अटॉर्नी धारक किसी भी स्थिति में अधिवक्ता की भूमिका नहीं निभा सकते। कोर्ट के इस फैसले को न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह निर्णय अदालतों में पेश होने वाले प्रतिनिधियों की भूमिका को स्पष्ट करता है और कानूनी व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखने पर जोर देता है।

## गिन्नी वेड्स सन्नी 2' में रोमांस- कॉमेडी का 'बवाल' तड़का, 24 अप्रैल को होगी रिलीज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी 2 के प्रमोशन के सिलसिले में शनिवार को फिल्म की टीम लखनऊ पहुंची। इस दौरान लीड एक्टर अविनाश तिवारी और मेधा शंकर, निर्देशक प्रशांत झा और निर्माता विनोद बच्चन ने मीडिया से रूबरू होकर फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प पहलुओं पर खुलकर बातचीत की। कलाकारों ने बताया कि फिल्म एक 'बवाल' फैमिली एंटरटेनर है, जिसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा। साथ ही कहानी में कई ऐसे ट्विस्ट्स हैं, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेंगे। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर ने अपने-अपने किरदारों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि इस बार उनके किरदार पहले से ज्यादा दिलचस्प और मजेदार हैं। प्रेस वार्ता के दौरान टीम ने शूटिंग के दौरान हुए मजेदार किस्से भी साझा किए और फिल्म की कहानी के पीछे की सोच पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि फिल्म को इस तरह तैयार किया गया है, जिससे हर वर्ग के दर्शक इससे जुड़ाव महसूस कर सकें। फिल्म की स्टार कास्ट को भी काफी मजबूत बताया गया। इसमें लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयानी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी और रोहित चौधरी जैसे अनुभवी कलाकार शामिल हैं, जो कहानी में गहराई और मनोरंजन का खास तड़का लगाएंगे। जी स्टूडियोज और सौंदर्य प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने किया है, जबकि कहानी और निर्देशन प्रशांत झा ने संभाला है। यह फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धौरहरा ब्लॉक सभागार में गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के धौरहरा ब्लॉक सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गोदभराई (सीमंतोन्नयन) एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम का संचालन एक्ष्म राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर मंजू शुक्ला, तनु वर्मा, कृष्णा रानी सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र सिसिया-2 की कार्यकर्ता बीना कुमारी और आंगनबाड़ी केंद्र जुगुनूपुर की कार्यकर्ता रेखा रानी समेत क्षेत्र की अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोदभराई रस्म बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ संपन्न कराई गई। महिलाओं को पौष्टिक आहार, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का महत्व, नियमित स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित प्रसव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, नवजात शिशुओं के लिए टीकाकरण, स्तनपान और साफ-सफाई के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।वहीं अन्नप्राशन कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे बच्चों को विधिवत रूप से पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर माताओं को शिशु के संतुलित आहार, पूरक पोषण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई, ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सके।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है। महिलाओं को जागरूक कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता के लिए बेहद उपयोगी बताया।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **08.05.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 00362026 दिनांक 17.04.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | | 03-Sr.DEN-I/LKO2026-27, 04-Sr.DEN-I/LKO/2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं० 1. | डीजल शेड के पश्चिमी यार्ड में विद्युतीकरण के लिए पेड़ों की कटाई/छंटाई और पेड़ों के तनों और शाखाओं की कटाई। |
| | | क्रम सं० 2. | आईआरआईटीएम् में कार्यालय स्टाफ कक्षों भंडार कक्षों का निर्माण और 50 वाहनों की क्षमता वाली चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था मौजूदा शैक्षणिक ब्लॉक और सभागार में प्रशिक्षण अवसंरचना का उन्नयन और संवर्धन और संकाय कक्षों का निर्माण और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था। |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र0 सं0 01 के लिये | Rs. 1180590.29 |
| | | क्र0 सं0 02 के लिये | Rs. 55936772.13 |
| 5 | धरोहर राशि | क्र0 सं0 01 के लिये | Rs. 23600.00/- |
| | | क्र0 सं0 02 के लिये | Rs. 1118700.00/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 01 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन माह। |
| | | क्र0 सं0 02 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | | 24.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 08.05.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1288/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्वधर्म स्वदेश स्वराज्य हमारे स्वबोध की प्रेरणा : स्वान्त रंजन

❒ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन रहे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




लखनऊ । अखिल भारतीय साहित्य परिषद के युवा शोधार्थी आयाम की ओर से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बोलते मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि स्वधर्म, स्वदेश और स्वराज्य हमारे स्वबोध की प्रेरणा है। इसके आधार पर ही महापुरूषों व क्रान्तिकारियों ने समाज जागरण करने का काम किया।उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रभाव को कमजोर करने, एकात्मभाव कैसे बिखर जाय व धर्म के आधार पर देश में जो एकसूत्रता है उसको विखण्डित करने का प्रयत्न योजनाबद्ध ढ़ंग से किया गया। अंग्रेजों ने जानबूझकर भारत के इतिहास को विकृत करना प्रारम्भ किया। जो कभी भारत आये नहीं ऐसे तथाकथित इतिहासकारों से भारत का इतिहास लिखवाया गया।

स्वान्त रंजन ने कहा कि संस्कृति राष्ट्र की आत्मा होती है। देश को एकजुट रखने में संस्कृति महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि लगातार इस्लामिक आक्रमणों के कारण हिन्दू समाज आत्मविस्मृत हो गया था। समाज आत्मकेन्द्रित हो गया था। ऐसे समय में डा.केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। कहा कि स्व का विचार करते हुए सामाजिक समरसता के आधार पर सभी जाति वर्ग को सशक्त करना है।अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल ने कहा कि सनातन परम्परा के विचारों को हम जीते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पूरी साहित्य परम्परा में भारत बोध है। वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः भारतबोध में है।उन्होंने कहा कि भारत के भाव बोध को समझने की आवश्यकता है। भारत की ज्ञान परम्परा विमर्श से आगे आयी है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय परिषद भारत की सभी भाषाओं में काम करती है। भारत की भाषा देश को एकात्म करती है। हम अपनी भाषा व बोली को पकड़कर रखें, उससे जुड़ाव महसूस करें। अपने मूल को न छोड़ें। आत्मबोध से विश्वबोध आवश्यक है।

बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महराज ने कहा कि आत्मबोध से विश्व बोध होगा। उन्होंने कहा कि भारत का साहित्य ही सर्वश्रेष्ठ है। हमारा ज्ञान अलौकिक है। भारत विश्वगुरू था, है और रहेगा।महंत वैदेही वल्लभ शरण ने कहा कि अयोध्या चीख चिल्ला नहीं रही है। मोदी व योगी के शासनकाल में मण्डन करती हुई व विकास करती हुई अयोध्या आज दिख रही है। भव्यता व दिव्यता के साथ रामलला विराजमान हैं। अयोध्या में संपूर्ण जाति के मंदिरों का कायाकल्प हुआ है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि हम पराधीनता के काल में थोपे हुए साहित्य व विज्ञान को पढ़ते हैं। भारत को जानने के लिए भारत के आर्षग्रन्थों को पढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन युवा शोधार्थी आयाम के प्रमुख आदर्श सिंह ने किया। आभार अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने व्यक्त किया।इस अवसर पर सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर, सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश पाण्डेय, साहित्य परिषद के प्रान्तीय महामंत्री द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, सह महामंत्री डा.बलजीत श्रीवास्तव, लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डा.सौरभ मालवीय, डा.अमित कुशवाहा, श्याम त्रिपाठी, प्रो.श्यामलेश व शरद मिश्र समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# रटई में सपा की पीडीए चौपाल: संविधान व सामाजिक न्याय के नाम पर 2027 का संकल्प



**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

लखनऊ। गोसाईंगंज ब्लॉक के ग्राम रटई (मजरा काजी खेड़ा) में समाजवादी पार्टी की घ्क्ष चौपाल व तहरी भोज कार्यक्रम में राजनीतिक माहौल गरमा गया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर जोरदार हुंकार भरते हुए 2027 के चुनाव में बदलाव का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों को बचाए रखने के लिए समाज को जागरूक और संगठित होना होगा। वहीं सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव ने पूर्व सपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए 2027 में फिर सरकार बनाने का दावा किया।कार्यक्रम में अजय कुमार धीमान को जिला सचिव पद का मनोनयन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन अजय कुमार धीमान द्वारा किया गया।इस दौरान मनोज पासवान, ओमकार लोधी, शशी यादव, दिनेश यादव (प्रधान), आनंद पासवान, मो. हनीफ, उदयभान यादव, अशर्फी लाल धीमान, अर्चना रावत, अजय लोधी, राजेश लोधी, बृजभान यादव, मो. साहिल, अर्जुन धीमान, अमरेश धीमान, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में गूंजे वन भूमि कब्जे और किसान योजना के मुद्दे

❒ सीडीओ के समक्ष खुली विभागीय लापरवाही, लंबित फाइलों पर मांगा जवाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अजय जैन के समक्ष पेश हुई शिकायतों ने राजस्व और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए। ग्राम उमरिया निवासी सनी कुमार ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 429, 430 व 423, जो राजस्व अभिलेखों में वन विभाग की भूमि दर्ज है, पर करीब 15 वर्ष पूर्व अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण करा दिया गया।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यह निर्माण वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से संभव हुआ। हैरानी की बात यह भी है कि संबंधित वन दरोगा लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिससे संदेह और गहरा हो रहा है। उन्होंने वन विभाग की भूमि को तत्काल कब्जामुक्त कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।वहीं, भाकियू नेता अमरेंद्र सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में भारी लापरवाही का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि तहसील बीकेटी में सैकड़ों लाभार्थियों का डेटा तहसीलदार कार्यालय में लंबित पड़ा है। खासकर वे मामले, जिनमें लाभार्थियों के माता-पिता का निधन हो चुका है और उनके वारिस पात्र हैं, बावजूद इसके फाइलें आगे नहीं बढ़ाई जा रहीं। इससे पात्र किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।समाधान दिवस में उठे इन दोनों मामलों ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीडीओ अजय जैन ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो इस तरह की लापरवाही और अनियमितताएं लगातार बढ़ती रहेंगी।

# यंत्रोत्सव 2026: तकनीकी हुनर से दमके छात्र, नवाचार के रंग में रंगा पूरा परिसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहां, लखनऊ। निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में इनोविस्टा के तत्वावधान में आयोजित तकनीकी महोत्सव ल्लयंत्रोत्सव 2026ङ्क का भव्य समापन उत्साह और उमंग के बीच हुआ। यह आयोजन दिवंगत प्रो. डॉ. दिवाकर सिंह यादव की स्मृति को समर्पित रहा, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। अब्दुल कलाम हॉल में आयोजित इस महोत्सव में छात्रों द्वारा तैयार किए गए आधुनिक प्रोजेक्ट्स और मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि रोहित कुमार तथा विशिष्ट अतिथि अरुणिमा सिंह ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ऐड मैड प्रतियोगिता में स्वेता शुक्ला व अभिलाषा शुक्ला, स्क्रिप्ट स्फ़ेयर में नंदिनी प्रसाद, वाद-विवाद में श्वेता राजभर, वेब डिजाइनिंग में दिव्यांश तिवारी, डिक्लेमेशन में प्रखर सिंह तथा मॉडल-प्रोजेक्ट में इम्तियाज अहमद की टीम विजेता रही। ओपन माइक में कपिल देव यादव ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में निदेशक जनरल प्रो. डॉ. के.के. सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फर्जी बैनामा कर प्लॉट कब्जाने की साजिश का आरोप, कई लोगों पर केस दर्ज

**चिनहट, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में जमीन के फर्जीवाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके खरीदे हुए प्लॉट को जालसाजी कर हड़पने की कोशिश की गई। मामले में कई लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरदीनगर निवासी अजीत सिंह एडवोकेट ने शिकायत दी कि उन्होंने ग्राम सेमरा, चिनहट में वर्ष 2025 में करीब 2400 वर्ग फीट का प्लॉट विधिवत बैनामा के माध्यम से खरीदा था। प्लॉट पर कब्जा लेने के बाद उन्होंने बाउंड्री वॉल बनवाकर गेट लगाया और बिजली कनेक्शन भी लेकर उपयोग शुरू कर दिया। साथ ही नगर निगम में नामांतरण भी करा लिया। पीड़ित का आरोप है कि कुछ समय बाद उन्हें जानकारी मिली कि कुछ लोग उनके प्लॉट का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आरोपियों ने साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसी प्लॉट की दोबारा रजिस्ट्री करा ली है।शिकायत में बताया गया है कि कई लोगों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और खुद को जमीन का मालिक दर्शाते हुए 16 मार्च 2026 को फर्जी रजिस्ट्री करा दी। पीड़ित का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई धोखाधड़ी और साजिश के तहत की गई है।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## बीबीडी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाएं, घर में घुसकर नकदी व जेवरात पार

**चिनहट, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। ताजा मामला पपनामऊ क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों के सामान चोरी कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पपनामऊ निवासी आशीष कुमार सिंह ने बीबीडी थाने में दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च की शाम वह अपने घर पहुंचे। मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था।पीड़ित के मुताबिक, चोर घर से वीआईपी सूटकेस, कैश बैग, टीवी, ज्वेलरी, फ्रिज, सिलेंडर, गैस चूल्हा समेत सोने–चांदी के जेवरात, बच्चों के आभूषण और करीब 5 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में पहले भी पुलिस को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कारवाई नहीं की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी से गिरकर चार छात्राएं घायल

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना के अंतर्गत अटेसुवा से रामा कान्वेंट इंटर कॉलेज हनुमंतपुर जाने वाली सड़क पर स्कूटी से चार छात्राएं शनिवार को गिर गई और गंभीर रूप से चोटिल हो गई । इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी इटौंजा भेजा गया जहां से एंबुलेंस से राम सागर मिश्र 100 सैया अस्पताल बीकेटी भेजा गया। रामा कान्वेंट इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली अनन्या, अंशुका निवासी खानपुर पूजा हनुमंतपुर खुशी अटेसुवा शनिवार को स्कूटी से कॉलेज किसी काम से गई थी। सभी छात्राओं ने इंटर की परीक्षा इस बार दी है कॉलेज से वहां से वापस आ रही थी। तभी जर्जर सड़क पर स्कूटी पलट गई। जिससे सभी छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। छात्रा पूजा की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया यह सड़क जर्जर है जिस पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

## सरकारी जमीन व रास्ते पर कब्जे का आरोप, मोहनलालगंज में गरमाई सियासत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज तहसील अंतर्गत अतरौली और हुलास खेड़ा गांव में सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण व सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा नेता हंसराज रावत ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है और गौरा कॉलोनी से हुलास खेड़ा को जोड़ने वाला रास्ता भी बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। वहीं विरोध करने पर ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज होने से भय का माहौल है। भाजपा नेता ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निर्दोष लोगों को राहत देने और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई है।

# श्याम लाल पुजारी की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्याम लाल पुजारी की जयंती के उपलक्ष्य में 18 अप्रैल को महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति के तत्वावधान में विचार गोष्ठी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम वाल्मीकि पुरी, निकट मोहन मेकिंग, इरादत नगर, डालीगंज, लखनऊ में संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि और कार्यक्रम में शामिल अतिथियों के साथ मदन मधुर, श्याम लाल, अन्नद लाला, बृजेश चौधरी, गोपाल वाल्मीकि ने स्व. श्याम लाल पुजारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. पुजारी जी के जीवन, समाजसेवा और निर्धन कन्याओं के विवाह में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने कहा हम सबके प्रेणा स्त्रोत बाबू जी स्वर्गीय श्याम लाल पुजारी जी ने सामाजिक एकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय श्रम जीवी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस उत्तर प्रदेश में महासचिव जैसे अनेक पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वाह भलीभांति रूप से किया। समाज के दबे, पिछड़े लोगो के अधिकारों के लिए उन्होंने कई आंदोलन किए। उनके सेवाभाव और समाजिक चिंतन से हम सबको प्रेणा लेनी चाहिए। जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष्य में एक दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई दौड़ में प्रथम स्थान पर कार्तिक, यूई, कृष्णा एंव द्वितीय स्थान पर वासु, आर्यन, सौम्या तथा तृतीय स्थान पर कुणाल, शोभित, शक्ति को मंच से मेमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विचार गोष्ठी के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान, कई अस्थायी दुकानें हटाईं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को एक व्यापक और सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।

जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में नगर निगम की 296 टीम द्वारा कपूरथला चौराहे से मिडलैंड अस्पताल की पार्किंग तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से कब्जा की गई पार्किंग को खाली कराया गया। साथ ही गोल मार्केट से मिडलैंड अस्पताल तक और ध्येय कोचिंग, विद्यांचल मार्ग पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगभग 20 दुकानों को हटाया गया। इसके अतिरिक्त 2 काउंटर जब्त किए गए तथा करीब 2000 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।वहीं, जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड भवानीगंज के मोहल्ला मेंहदीगंज क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इंद्रियावाली मस्जिद से गणेशपुरी कॉलोनी के आसपास तक फैले अवैध अस्थायी अतिक्रमण को हटाते हुए 13 ठेले, 4 काउंटर और 10 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही 1 लोहे की सीवी और 2 फ्लेक्स बोर्ड समेत अन्य सामान भी जब्त किया गया। इस पूरे अभियान में कर अधीक्षकविजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव, 296 टीम एवं क्षेत्रीय पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

# भौली गांव में गूंजा सुंदरकांड पाठ, भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु

❒ साध्वी रितु भारती ने हनुमान-विभीषण मिलन प्रसंग से बताया ब्रह्मज्ञान का महत्व

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र के भौली गांव स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। संस्थान जो आशुतोष महाराज द्वारा स्थापित एवं संचालित है, जिसमें समय-समय पर आध्यात्मिक एवं सामाजिक जनजागरण के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

द्वितीय दिवस पर संस्थान की शिष्या साध्वी रितु भारती ने सुंदरकांड के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन करते हुए हनुमान और विभीषण की प्रथम भेंट को विस्तार से समझाया। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा कि बिना प्रभु कृपा के संतों का सान्निध्य प्राप्त नहीं होता।साध्वी ने कहा कि विभीषण, रावण की लंका जैसे तामसी वातावरण में रहते हुए भी उनके हृदय में प्रभु भक्ति की गहरी लालसा थी। यह दर्शाता है कि आत्मा का परमात्मा से मिलन तभी संभव है, जब जीवन में संत रूपी मार्गदर्शक का आगमन हो। उन्होंने ब्रह्मज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्मनिष्ठ गुरु ही साधक को दिव्य दृष्टि प्रदान करते हैं, जिससे वह अपने अंतर्मन में ही ईश्वर का साक्षात्कार कर सकता है।उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे ऐसे पूर्ण गुरु की खोज करें, जो उन्हें जीवन की सही दिशा देकर ईश्वर से जोड़ सकें।कार्यक्रम के दौरान साध्वी कात्यानी भारती, साध्वी मंदाकिनी भारती, साध्वी दीपा भारती व साध्वी अर्पण भारती ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।प्रथम दिवस पर भौली गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## राजाजीपुरम ई-ब्लॉक में नगर निगम का शांतिपूर्ण अतिक्रमण हटाओ अभियान, किसी विवाद की पुष्टि नहीं

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर में सुगम यातायात और व्यवस्थित बाजार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राजाजीपुरम के ई-ब्लॉक मार्केट में भी एक नियोजित और शांतिपूर्ण अभियान चलाया गया।जोनल अधिकारी जोन 2 श्री संजय यादव ने बताया कि यह कार्रवाई राजाजीपुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री ऋषभ गुप्ता द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2026 को दी गई शिकायत के आधार पर की गई। बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के कारण आवागमन में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की टीम ने थाना तालकटोरा पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान चलाया। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री ऋषभ गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों का भी पूरा सहयोग रहा।नगर निगम की टीम ने दोपहर लगभग 2:00 बजे तक अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। अभियान के दौरान कहीं भी किसी प्रकार का विवाद, तनाव या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

# चालक के फोन पर मालिक बन कर रास्ते मे उतरवाई पीओपी की बोरियां

❒ 2 बाइक समेत 1180 बोरी पीओपी बरामद , तीन आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । गोसाईगंज पुलिस ने ट्रक से पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) उतरवा लेने वाले तीन आरोपियो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।उनके पास से 2 बाइक 4 फोन और 1180 बोरी पीओपी बरामद हुई है। गोसाईगंज कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के अनुसार ग्राम ठूठयावाली कैच्चया जनपद मनसा (पंजाब ) का रहने वाला ट्रक चालक बलराज सिंह 4 अप्रैल को दन्तौर राजस्थान से ट्रक में पीओपी बोरियां लादकर जिला बाराबंकी जा रहा था। ट्रक चालक जिस समय लखनऊ जनपद के गोसाईगंज क्षेत्र में पहुंचा उसी समय उसके फ़ोन पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कहा गया कि तुम जो माल लेकर बाराबंकी की जिस फर्म को जा रहे हो मैं उस फर्म का मालिक बोल रहा हूं। ड्राइवर से पूरा माल गोसाईगंज में उतारने की बात कही गई । ड्राइवर को फोन करने वाले ने यह भी कहा कि मैं अपना मुंशी भेज रहा हूं। उसके बाद ट्रक ड्राइवर को दूसरे नम्बर से फोन किया गया और कहा गया कि मालिक से तुम्हारी बात हुई हो गई है ।मैं माल उतरवाने आ रहा हूं। कुछ ही देर बाद तीन लोग डाला ,ट्रैक्टर, ट्राली लेकर ट्रक ड्राइवर के पास पहुंच गए। उन लोगों ने ड्राइवर को विश्वास में लेकर ट्रक में रखा हुआ सामान उतरवा कर रोड के किनारे स्थित कबीरपुर गांव में किराये पर लिए गए एक कमरे में रखवा दिया हैं। सामान उतर जाने के बाद ट्रक चालक राजस्थान वापस चला गया। उसके बाद भाड़े हेतु माल भेजने वाली कम्पनी द्वारा बाराबंकी स्थित फर्म से सम्पर्क किया गया और माल न पहुंचने की बात कही गई। इस बात की जानकारी ट्रक चालक को हुई तब उसे पता चला कि उसके धोखाधड़ी हो गई है। ड्राइवर की ओर से इस मामले की शिकायत 14 अप्रैल को गोसाईगंज थाने की गई । पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।गोसाईगंज पुलिस व सर्विलांस की टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और 17 अप्रैल को बेली गांव के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे से तौफीक आलम, राजबाबू एवं गुलाम गौस निवासीगण हरिहरपुर थाना तमकोहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर 2 बाइक ,4 फोन और 1180 बोरी पीओपी बरामद कर ली गई। आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

❒ डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोक सभागार में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' आयोजित हुआ।

इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 24, पुलिस 14, विकास 07,आपूर्ति 06, नगर पालिका 05, विद्युत 04, कृषि के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंहसहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।*समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात*संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ.ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पांच लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं।

# विहिप का लव जिहाद व अवैध कब्जों के खिलाफ प्रदर्शन, नारेबाजी, दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद और अवैध कब्जों को लेकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेअ पहुंचे। जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि लव जिहाद का षड्यंत्र हाल ही में नासिक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में स्पष्ट हुए प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक दक्षेत्रों तक फैल चुका है। यूपी के जिहादी छांगुर उर्फ जमालुद्दीन और उसकी महिला सहयोगी ने कई हिन्दू कन्याओं का शारीरक शोषण कर ब्लैकमेल और जबरन धर्मान्तरण करवाया। अल-फलाह यूनिवर्सिटी आतंकी कनेक्शन दिल्ली लाल किला ब्लास्ट में भी यूनिवर्सिटी से जुड़े मुस्लिम डॉक्टरों ने बम ब्लास्ट किया। जिसमे महिला डॉक्टर शाहीन भी शामिल है। देश में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मुस्लिम इलाकों में हिंदू बालिकाओं का शारीरिक व मानसिक शोषण कर उन्हें पलायन के लिए विवश किया जा रहा है। शाहजहांपुर के निगोही में जिहादी मानसिकता अराजक तत्वों ने हिंदू बालिकाओं को षड्यंत्र के तहत लव जिहाद का शिकार बनाया। नगर में संचालित कैफ़े में लव जिहाद की घटनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। मांग की गई कि राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए। इस दौरान बजरंगदल के प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, दीपक शुक्ला, विपिन मिश्रा, राजकुमार, पंकज गुप्ता, शलभ मिश्रा, नीरा श्रीवास्तव, हर्षित गुप्ता, प्रीति शुक्ला, प्रतिमा यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सफ़ेद हाथी साबित हो रहे खीरी के स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में संचालित स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय इन दिनों अपनी बदहाली और प्रबंधकों की मनमानी के कारण चर्चा में हैं। जिले के कई नामचीन विधि संस्थान केवल कागजों पर मानक पूरे कर 'सफ़ेद हाथी' बने खड़े हैं, जबकि धरातल पर शिक्षण कार्य शून्य है। इन महाविद्यालयों में व्याप्त भारी अनियमितताओं के कारण कानून की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में लटक गया है।

कागजों पर चल रहे प्राचार्य और शिक्षक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद के प्रमुख विधि संस्थानों जैसे मनु लॉ कॉलेज (ओयल), मनमीतनगर लॉ कॉलेज (भीरा) और मोहम्मदी लॉ कॉलेज (मोहम्मदी) में एलएल.बी. त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम तो संचालित हैं, लेकिन मानक ताक पर रखे गए हैं। आरोप है कि इन कॉलेजों में प्राचार्य और शिक्षकों का अनुमोदन केवल कागजों तक सीमित है। पुस्तकालयों में पर्याप्त पुस्तकें नहीं हैं और योग्य शिक्षकों के अभाव में छात्र केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित रह गए हैं।

**वेतन के नाम पर बड़ा खेल: 'चेक से निकासी और कैश वापसी**

महाविद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप शिक्षकों को वेतन नहीं दे रहे हैं। कथित तौर पर, प्रबंध समिति बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से शिक्षकों के नाम पर जारी चेक के माध्यम से मोटी रकम निकालती है, लेकिन वास्तव में अयोग्य और कम वेतन वाले शिक्षकों को रखकर बाकी धनराशि अवैध रूप से डकार ली जाती है। शिक्षकों के न तो वेतन खाते सही ढंग से संचालित हैं और न ही उन्हें पी.एफ. (घ्क्) का लाभ मिल रहा है।

**राजनीतिक रसूख के आगे प्रशासन नतमस्तक**

मामले में चौंकाने वाला तथ्य यह है कि मनु लॉ कॉलेज (ओयल) के विरुद्ध थाना खीरी में कई एफ.आई.आर. दर्ज हो चुकी हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय भी इन शिकायतों से अवगत है। इसके बावजूद, कॉलेज प्रबंधक डॉ. इरा श्रीवास्तव के कथित राजनीतिक रसूख के चलते स्थानीय पुलिस, शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई करने में नाकाम रहा है। रसूख के इसी कवच के कारण छात्रों से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है और शिक्षा का स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है।

**भौतिक सत्यापन और जांच की उठी मांग**

जिले के जागरूक नागरिकों और छात्र संगठनों ने मांग की है कि: इन महाविद्यालयों का तत्काल भौतिक सत्यापन कराया जाए। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति पंजिका की जांच हो , प्रबंध समिति द्वारा खातों से की गई निकासी और शिक्षकों को दिए जा रहे वास्तविक वेतन की संगठित अपराध के नजरिए से जांच की जाए।

**हाईकोर्ट में जनहित याचिका की चेतावनी**

इस पूरे प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही शासन-प्रशासन ने इन स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में सुधार नहीं किया और शिक्षकों को न्यूनतम वेतन व पी.एफ. का लाभ सुनिश्चित नहीं कराया, तो माननीय उच्च न्यायालय (लखनऊ खंडपीठ) में एक जनहित याचिका (घ्क्ष्ख्र) दाखिल की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन ऐसे 'डिग्री बांटने वाले कारखानों' पर लगाम कसेगा या रसूखदार प्रबंधकों के आगे छात्रों का भविष्य यूं ही बलि चढ़ता रहेगा?

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ अलंकरण, विद्यालय परिसर में गूंजा उत्साह और गर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

सीतापुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करते हुए एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर इतिहास रच दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक भव्य अलंकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। आस्था (97.6%), शौर्य वर्मा (97%), कृष्णा सिंह (96.4%), अभिनव पटेल (96.4%), अविका गुप्ता (96.2%), रुश्दा फुरकान (96.2%) सहित अनेक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन के श्री मुदित सिंघल एवं श्री उमंग राजवंशी ने अपने प्रेरणादायक उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके संबोधन ने समारोह को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया।विद्यालय की प्राचार्या दीपा चंद्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में खुशी, गर्व और उत्साह का माहौल बना रहा। एल्पिस ग्लोबल स्कूल का यह परिणाम और भव्य सम्मान समारोह एक बार फिर यह संदेश देता है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और परिश्रम से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# लव जिहाद मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

सीतापुर । बिसवां प्रखंड के बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष प्रेम शंकर बाजपेई के आव्हान पर बिसवां प्रखंड के सभी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर बिसवां उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु बजरंग दल के कार्यकर्ता इस ज्ञापन के माध्यम से देश में वर्तमान में व्याप्त गंभीर चुनौतियों और समाज विरोधी गतिविधियों की देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्त्र करने वाली विकृत जिहादी मानसिकता' वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्‌भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है।

देश भर से आये विभिन्न मामलो में पुरुषों के साथ महिलाएँ भी इस विकृत जिहादी कार्यों में सम्मलित पाई गईहाल ही में नासिक (ट्ठएट्ट) जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है।जिसको देखते हुए बजरंग दल ने पत्थर शिवाला मंदिर से एस डी एम कार्यालय तक पैदल जोरदार नारेबाजी के साथ दिया ज्ञापन में सम्मिलित कार्यकर्ता सुधाकर मिश्रा, अगस्तय प्रताप सिंह, लाल जी रस्तोगी, महेश मौर्या,दुर्गेश सिंह, गोपाल पाण्डेय,आयुष मिश्र श्याम जी शुक्ला, श्याम जी सिंह, ओपी गुप्ता, प्रेम शंकर बाजपेयी, जेपी दीक्षित आदि सैंकड़ो कार्यकर्त्ताओ द्वारा मा राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां के माध्यम से लव जिहाद लैंड जिहाद आदि तमाम मुद्दों पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल,, बिसवां,अवध प्रान्त के निर्देश पर जय श्रीराम, जेहादियों होश मे आओ, लैंड जिहाद लव जिहाद धर्मान्तरण पर सख्त कानून बने !ऐसे उद्घोष से पत्थर शिवाला मंदिर से बिसवां तहसील तक लगाए गए!

# डीएम ने तहसील सदर में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

❒ संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 45 शिकायतों में कुल 07 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने तहसील सदर में फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त 45 शिकायतों में कुल 07 का मौके पर निस्तारण हुआ।

डीएम ने शेष शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ समस्या निस्तारण के समय जीपीएस लोकेशन सहित फोटो अवश्य लें। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के दौरान मौके पर लिया गया फोटो भी अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। डीएम ने आईजीआरएस शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रार्थना पत्रों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, एसडीएम सदर संजय कुमार पांडे, सीएमओ डा. विवेक मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बेलहरी चौकी प्रभारी अनिल कुमार बने इंस्पेक्टर, थानगाँव थाने की संभालेंगे कमान



**नैमिषारण्य, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद में पुलिस महकमे में फ़ेरबदल के तहत थाना नैमिषारण्य क्षेत्र के बेलहरी पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार को पदोन्नत करते हुए इंस्पेक्टर बनाया गया है। पदोन्नति के साथ ही उन्हें थाना थानगाँव में तैनाती दी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार हुई इस तैनाती में अनिल कुमार को थाना थानगाँव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि यह तैनाती अंकुल अग्रवाल के निर्देशन में की गई है, जहां वे कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का कार्य करेंगे।अनिल कुमार आज दिनांक 18 अप्रैल 2026 को थाना थानगाँव पहुंचकर औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनके आने से क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## रेडिको खेतान ने चलाया अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान, छात्रों को दिया प्रशिक्षण




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कार्यक्रम का आयोजन प्लांट हेड अंशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पास के स्कूल श्री माथुर प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गाँव, कंदुनि, जनपद सीतापुर में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में श्री विवेक वर्मा एवं श्री विशाल शर्मा द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस पहल का उद्देश्य समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपदा के समय सही प्रतिक्रिया के लिए लोगों को तैयार करना था।

## पंचायत भवन और पीएचसी पर बन रहे आयुष्मान कार्ड, निशुल्क सुविधा उपलब्ध



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार के द्वारा आम नागरिक एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि जिन लाभार्थियों का नाम आयुष्मान सूची में दर्ज है वो लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,गाँवो के पंचायत भवन में जाकर रोजगार सेवक व आयुष्मान मित्र के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा ले जिससे प्रत्येक लाभार्थी को पांच लाख तक का इलाज मुफ्त मिल सके। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि जिन लाभार्थियों का नाम सूची में है वो लोग अपना आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवा ले इसके अलावा जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष के पूर्ण हो चुके है वो लोग भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा ले जिसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## मॉडिफाई साइलेंसर व प्रेशर हार्न के खिलाफ चलाया अभियान, काटे चालान



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यातायात क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हरिओम और यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से जनपद में मॉडिफाई साइलेंसर और वाहनों में प्रेशर हार्न के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें आठ वाहनों के ध्वनि प्रदूषण के चालान किए गए और विभिन्न गैरेज एवं एसेसरीज की दुकानों की चेकिंग की गई और उनको किसी भी स्थिति में मॉडिफाई साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न की बिक्री न करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके अलावा परिवहन कार्यालय में सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) विकास कुमार यादव ने विभिन्न दो पहिया डीलर एवं गैराज संचालकों के साथ बैठक की और उन्हें प्रेशर हॉर्न न लगाने एवं मॉडिफाई साइलेंसर न लगाने के बारे में जानकारी दी। कहा कि सर्विस के समय ध्यान रखें कि जो साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न ध्वनि प्रदूषण करते हैं, उनको हटा दें।

## सीतापुर के महमूदाबाद पॉलिटेक्निक में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन

सीतापुर। जनपद के महमूदाबाद स्थित जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक में शनिवार दोपहर संस्थान के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अम्मार रिज़वी और महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक आशा मौर्य ने समारोह की अध्यक्षता भी की।समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों को उपस्थित दर्शकों ने सराहा।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी, रमेश बाजपेई, सुरेश वर्मा, अनवार हुसैन, राशिद सभासद, चक्रसुदर्शन पाण्डेय, प्रदीप बालिया, अवध राम मौर्य और मेराज फात्मा सहित संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बेलहा सिकटिया में 'कागजी विकास' का बड़ा खेल: बिना ईंट रखे ही डकार गए अम्बेडकर पार्क के लाखों रुपये

❒ प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन की बंदरबांट, धरातल पर निर्माण के नाम पर सिर्फ धूल

❒ 5 वाउचरों के जरिए निकाले गए, 5.88 लाख, बाउंड्रीवाल और मिट्टी भराई के नाम पर हुआ भारी फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिजुआ खीरी। विकास खंड बिजुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहा सिकटिया में भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सरकारी तंत्र और पारदर्शिता के दावों की पोल खोल दी है। यहाँ ग्राम प्रधान नेपाली राज ने ग्राम पंचायत अधिकारी गोल्डी वर्मा के साथ मिलकर कथित रूप से 'फर्जीवाड़ा' करते हुए अम्बेडकर पार्क के निर्माण हेतु आई लाखों की धनराशि को बिना कार्य कराए ही डकार लिया। हकीकत यह है कि जहाँ पार्क बनना था, वहाँ आज भी विकास के नाम पर एक पत्थर तक नहीं लगा है। कदम-दर-कदम ऐसे साफ की गई तिजोरी कि कहीं किसी को भनक न लग सके किन्तु फिर भी फर्जीवाड़े की ग्रामीणों को बू लगते ही आवाज उठाने की कोशिस की गयी। सरकारी अभिलेखों और वाउचर विवरण के अनुसार, इस फर्जीवाड़े को बहुत ही शातिर तरीके से अंजाम दिया गया। अलग-अलग तारीखों में पार्क के नाम पर कुल 5,88,934 रुपये की निकासी की गई, जिसका विवरण निम्नवत है: वाउचर 5 THSFC/2025-26/ঘ/9 (25/06/2025): सबसे बड़ी सेंधमारी इसी दिन हुई, जब बाउंड्रीवाल निर्माण के नाम पर 3,29,578 रुपये निकाल लिए गए। द्वितीय निकासी, ?वाउचर 5THSFC/2025-26/ঘ/26 (26/10/2025): पुनः बाउंड्रीवाल के ही नाम पर ? 1,12,093 की अतिरिक्त निकासी की गई। तृतीय निकासी, ?वाउचर 5THSFC/2025-26/ঘ/27 (26/12/2025): कागजों पर मिट्टी पटाई दिखाई गई और ? 20,450 निकाल लिए गए। चौथी निकासी, ?वाउचर 5 THSFC/2025-26/ঘ/32 (26/12/2025): उसी दिन पार्क पर अन्य व्यय के नाम पर 46,573 की एक और किस्त साफ की गई। पाँचवी निकासी, ?वाउचर 5 THSFC/2025-26/ঘ/34 (24/02/2026): अंत में पार्क निर्माण के नाम पर ? 80,240 की अंतिम बड़ी निकासी कर ली गई।

## धरातल पर हकीकत: न दीवार बनी, न मिट्‌टी डली

चौंकाने वाली बात यह है कि जहाँ इन वाउचरों में बाउंड्रीवाल और मिट्टी भराई का कार्य 'पूर्ण' दिखाया गया है, वहीं मौके पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। ग्रामीणों का आरोप है कि अम्बेडकर पार्क के लिए जो जगह निर्धारित की गई थी, वहां प्रधान द्वारा कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया। यह पूरी तरह से एक कागजी फर्जीवाड़ा है, जिसमें सरकारी धन का अवैध तरीके से गबन किया गया है।

## ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग

जब ग्रामीणों को इस भारी-भरकम धनराशि की निकासी की भनक लगी, तो उन्होंने ग्राम प्रधान नेपाली राज से जवाब मांगा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान ने निर्माण के नाम पर 'आज-कल' का बहाना बनाकर उन्हें महीनों तक गुमराह किया, लेकिन मौके पर जाकर अभी तक कोई भी कार्य नही करवाया।आक्रोशित ग्रामीणों ने अब जिला प्रशासन और ब्लॉक अधिकारियों से मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई है कि: अम्बेडकर पार्क के नाम पर हुई इस अवैध निकासी की उच्च स्तरीय जांच हो कराई जाये जिससे ?फर्जीवाड़ा करने वाले ग्राम प्रधान और मिलीभगत करने वाली ग्राम पंचायत अधिकारी गोल्डी वर्मा का पर्दाफास कर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये जिस्से ?सरकारी धन की रिकवरी हो सके और अम्बेडकर पार्क का वास्तविक निर्माण कराया जाए। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह फर्जीवाड़ा चल रहा है? बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान करने वाले अधिकारियों की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध नजर आ रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन 'भ्रष्टाचार के खिलाड़ियों' पर क्या एक्शन लेता है या ग्राम प्रधान द्वारा किये गये फर्जीवाड़े को ठंडे बस्ते मे डालकर रफा-दफा कर दिया जायेगा,एक यक्ष प्रश्न है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में माह अप्रैल के तृतीय शनिवार को तहसील कादीपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक चारु निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों पर मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सक्रियता दिखाई।

# मांगी नाव न केवट आना कहहि तोहार मरम मै जाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## भरत चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



लम्भुआ/सुल्तानपुर। स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गाँव में नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के अष्टम दिवस राम केवट संवाद, भरत चरित्र कथा के साथ राम वन गमन की कथा का मार्मिक वर्णन पंडित राकेश जी महराज द्वारा किया गया।

आठवे दिन की रामकथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज की ने माँ कैकेई द्वारा राजा दशरथ से तीन वर के रूप में राम को 14 वर्ष के वनवास की मांग और पिता के आदेश पर राम का माँ जानकी और लक्मण के साथ वन गमन का वर्णन किया। भगवान राम और निषाद राज केवट के संवाद ' मांगी नाव न केवट आना, कहहि तोहार मरम मै जाना'... का भावपूर्ण विस्तार पूर्ण कथा को सुनाया। कथा के मध्य पंडित राकेश जी द्वारा भरत चरित्र की कथा सुन पंडाल में मौजूद सैकड़ो रामकथा प्रेमी भाव विभोर हो उठे।

मुख्य यजमान राम जन पाण्डेय और विमला देवी द्वारा आरती की गई। राम कथा में मुख्य रूप से एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह लम्भुआ विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, संजीव पाण्डेय, किसान नेता गिरीश पाण्डेय, माताप्रसाद सिंह सत्य नारायण दुबे बालमुकुंद विश्वकर्मा लाल साहब बृज मोहन सिंह कमलाकांत पाण्डेय, राम चंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, राम कृष्ण पाण्डेय, प्रभव पाण्डेय, अनय पाण्डेय अवनीश सिंह समेत बड़ी सख्या में कथा प्रेमी मौजूद थे।

# मिशन शक्ति का यह उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुलतानपुर में मिशन शक्ति 5.0 का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा के मार्गदर्शन में एमबीबीएस 2025 बैच द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं मिशन शक्ति 5.0 के मुख्य तीन एजेंडों की विस्तृत व्याख्या सामुदायिक चिकित्सा विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पायल सिंह द्वारा की गई। उन्होंने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर औषधि विज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव ने निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए छात्र-छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर एमबीबीएस 2025 बैच के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। छात्र आसिम एवं आराध्या ने महिला सशक्तिकरण पर प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की, जबकि पार्थ एवं आकांक्षा ने अपने विचार भाषण के माध्यम से साझा किए। कार्यक्रम में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष बनर्जी, जैव रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. अनीता, डॉ. राकेश एवं डॉ. माधुरी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ रेजिडेंट (एसआर), जूनियर रेजिडेंट (जेआर), इंटर्न एवं एमबीबीएस 2025 बैच के सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में उनके अधिकारों और सम्मान को सुदृढ़ करना रहा।

# नाला सफाई अभियान शुरू, बरसात से पहले जलभराव रोकने की तैयारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। नगर पालिका परिषद ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर में व्यापक सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने करौंदिया नाले की सफाई कार्य को हरी झंडी दिखाकर किया। नगर क्षेत्र के करीब 30 बड़े और मझोले नालों के साथ-साथ सभी वार्डों की नालियों की तल्लीझार सफाई कराई जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बरसात के दौरान जलभराव और जल निकासी की समस्या से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही आम लोगों को आवागमन में भी दिक्कत होती है। इन समस्याओं से पहले ही निपटने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कार्य को तेज़ी से पूरा करने के लिए जेसीबी और नाला मैन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा झारखंड से 50 प्रशिक्षित श्रमिकों को भी बुलाया गया है, ताकि बारिश शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई पूरी हो सके। वहीं संकरी गलियों में कूड़ा उठान की समस्या को देखते हुए सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों को नई हत्थू ठेला गाड़ियां भी वितरित की गई हैं, जिससे डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नालों की गहराई तक सफाई कराई जाए और निकाले गए सिल्ट को तुरंत हटाकर उसका निस्तारण किया जाए, ताकि वह दोबारा नालियों में न जाए। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि नालों पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, अन्यथा सफाई अभियान के दौरान कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कई सभासद, पालिका कर्मचारी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## वोट हमारा, हिसाब भी हमारा: जनता ने उठाई नेताओं की संपत्ति और व्यवस्था पर कड़ी निगरानी की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही को लेकर देशभर में बहस तेज होती जा रही है आम नागरिकों का कहना है कि जब एक-एक वोट से नेता सत्ता तक पहुंचते हैं, तो जनता को यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने प्रतिनिधियों से उनके कार्यों, निर्णयों और संपत्ति का पूरा हिसाब मांगे नागरिकों का आरोप है कि चुनाव के समय उम्मीदवार अपनी संपत्ति का विवरण शपथ पत्र (एफिडेविट) के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं, लेकिन उसके बाद इन विवरणों की नियमित और निष्पक्ष जांच नहीं होती भारत में जनप्रतिनिधियों के लिए 1951,लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत चुनाव लड़ते समय अपनी संपत्ति, देनदारियों और आपराधिक मामलों की जानकारी देना अनिवार्य है इसके बावजूद कई मामलों में संपत्ति छुपाने या गलत जानकारी देने के आरोप सामने आते रहे हैं हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जहां नेताओं पर चुनावी हलफनामे में संपत्ति छुपाने के आरोप लगे और जांच की मांग उठी इससे आम जनता के बीच यह सवाल और गहरा हो गया है कि क्या मौजूदा व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधियों की संपत्ति की हर वर्ष अनिवार्य जांच हो और इसे सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए, तो इससे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है साथ ही झूठा हलफनामा देने पर सख्त दंड का प्रावधान भी लागू किया जाना चाहिए, जिससे व्यवस्था में विश्वास बढ़े इसके अलावा सरकारी विद्यालयों की स्थिति को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है नागरिकों का कहना है कि जब नेता और अधिकारी स्वयं अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजते, तो यह व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है लोगों का मानना है कि यदि नीति-निर्माता खुद सरकारी सुविधाओं का उपयोग करें, तो शिक्षा व्यवस्था में स्वतः सुधार संभव है। विशेषज्ञों के अनुसार लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सक्रिय भागीदारी, सवाल पूछने की प्रवृत्ति और पारदर्शिता की मांग ही इसे मजबूत बनाती है। ऐसे में आम जनता की ओर से उठ रहे ये सवाल न केवल व्यवस्था पर दबाव बनाते हैं, बल्कि सुधार की दिशा भी तय करते हैं अब देखना यह होगा कि जनता के इन तीखे सवालों पर सरकार और संबंधित संस्थाएं किस प्रकार जवाब देती हैं और क्या पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं

## जनपद में विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन, 'लव जिहाद' पर सख्त कानून की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुछ समाज विरोधी गतिविधियों के चलते देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ज्ञापन में 'लव जिहाद' के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए आरोप लगाया गया कि इस तरह की गतिविधियां अब शिक्षित और व्यावसायिक वर्ग तक फैल रही हैं। साथ ही, कथित 'अवैध लैंड जिहाद' को भी एक बड़ी चुनौती बताते हुए सरकारी भूमि, वन क्षेत्र और रेलवे संपत्तियों पर अवैध कब्जों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया कार्यकर्ताओं ने धार्मिक भावनाओं से जुड़े मुद्दों का भी जिक्र किया और खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र कर समाज में वैमनस्य फैलाने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की विहिप के जिला मंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से 'लव जिहाद' और जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग की गई है संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा

## विधायक की पुत्री धनिष्ठा वर्मा ने हाईस्कूल में किया जिला टॉप, डीएम ने घर पहुंचकर किया सम्मानित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीसलपुर स्थित कैम स्कॉलर विद्यालय की मेधावी छात्रा धनिष्ठा वर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उनकी इस शानदार सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है धनिष्ठा वर्मा, बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा की सुपुत्री हैं उनकी इस उपलब्धि को जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है ।

# आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत चयनित 10 तीर्थयात्रियों को जिलाधिकारी द्वारा फूल मालाएँ पहनाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । उत्तर प्रदेश शासन के अन्तर्गत मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशानुसार दिनांक 18 अप्रैल 2026 से दिनांक 24 अप्रैल 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद के चयनित 10 यात्री जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी / जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में सोमनाथ की यात्रा के लिए प्रस्थान किया जिनको कार्यालय से जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा फूलों की माला पहनाकर तथा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नामित नोडल अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा बताया गया कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपद से अधिकतम 10 व्यक्तियों को सोमनाथ तीर्थयात्रा के लिए भेजा जाएगा।इन तीर्थयात्रियों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति के माध्यम से किया गया और उन्होंने बताया कि यात्रा के अन्तर्गत 11 समूहों ( समूह 1- शॉपकीपर्स, हॉकर्स, स्ट्रीट वैण्डर्स , मार्केट एसोशिएशन ,समूह 2- महिलाएं,समूह 3- गिंग वर्कर्स,समूह- 4 विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी,समूह5- यंग प्रोफ़ेशनल एमबीए,स्टूडैन्टस,कॉपरेट क्षेत्र में प्रतिनिधि विधार्थी,कर्मचारी,स्टार्टअप्स के सीईओ, आदि ( उम्र 40 वर्ष से कम) समूह 6- सीनियर सिटीजन,समूह -7 विज्ञान प्रौद्योगिकी,एमएसएमई,तथा तकनीकी सेवा के कर्मचारी,समूह 8 वॉलिंटियर युवा विजेता, नॉन टेक्निकल क्षेत्र के सफल व्यक्ति,समूह 9 अखाड़ा,शिव मंदिर और आध्यात्मिक संस्थाओं के सदस्य,समूह 10 प्रदेश के सीमावर्ती गाँव के व्यक्ति,प्रदेश के कलाकार,समूह 11 पोस्टमैन,रेलवे स्टाफ,सफाई कर्मचारी ड्राइवर्स आदि सेवाओं के लोग) में से अधिकतम 10 लोगों को सोमनाथ की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के दौरान यात्रा का कार्यक्रम 06 से 07 दिवसीय होगा जिसमें 18 अप्रैल को यात्रियों का आगमन लखनऊ होगा तथा 19 अप्रैल 2026 को लखनऊ में कार्यक्रम के उपरांत यात्रा का ट्रेन के द्वारा लखनऊ से सोमनाथ के लिए प्रस्थान होगा।

# हत्याकांड में तीनों आरोपी बरी अधिवक्ता की पैरवी रही निर्णायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के चर्चित एस.टी. नंबर 496/2013, धारा 302 भारतीय दंड विधान, थाना कुड़वार से जुड़े हत्या मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, कक्ष संख्या-1, संध्या चौधरी की अदालत ने रूपनारायण, दीप नारायण और राज नारायण तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

यह मामला राज्य बनाम रूपनारायण आदि के नाम से दर्ज था। घटना 3/4 दिसंबर 2012 की रात की बताई गई थी। वादी श्याम जी तिवारी (पुत्र रामकुमार तिवारी) द्वारा 4 दिसंबर 2012 को रात 11:10 बजे थाना कुड़वार में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि जमीनी विवाद के चलते नामजद आरोपियों ने वादी के भाई शिव उर्फ भोला तिवारी की हत्या कर दी और शव को उद्यान विभाग की अमरूद की बाग में पेड़ से हाथ बांधकर लटका दिया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 10 गवाह पेश किए गए। वहीं, बचाव पक्ष ने भी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मजबूती से अपनी दलीलें अदालत के समक्ष रखीं। इस पूरे मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजेश कुमार बाजपेई की प्रभावी और सशक्त पैरवी निर्णायक साबित हुई। उन्होंने गवाहों के बयान, साक्ष्यों की कमजोरियों और तथ्यों के विरोधाभास को अदालत के सामने मजबूती से रखा, जिसके चलते अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए तीनों आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद आरोपियों और उनके परिजनों में राहत का माहौल है।

# एआई अब विज्ञापन और जनसंपर्क की अनिवार्य जरूरत : प्रो. मनुकोण्डा रवीन्द्र नाथ

एजेंसी

कानपुर । आज का दौर पूरी तरह डिजिटल और डेटा आधारित हो चुका है, जहां तकनीक की समझ सफलता की कुंजी है। विज्ञापन और जनसंपर्क में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। छात्रों को नई तकनीकों को अपनाकर अपने कौशल को मजबूत करना होगा। तकनीक का उपयोग समाज के हित और पारदर्शिता के लिए होना चाहिए, न कि भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए। भविष्य उन्हीं का है जो तकनीक के साथ खुद को ढाल लेते हैं। यह बातें शनिवार को प्रो. मनुकोण्डा रवीन्द्र नाथ ने कही। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में 'विज्ञापन एवं जनसंपर्क में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. मनुकोण्डा रवीन्द्र नाथ रहे। उन्होंने बताया कि अब जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता टूल्स की मदद से कुछ ही मिनटों में विज्ञापन सामग्री, ग्राफिक्स और वीडियो तैयार किए जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में तेजी से बदलाव आया है।उन्होंने छात्रों को नई तकनीकों को अपनाने और उन्हें अपने कौशल का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही तकनीक के जिम्मेदार उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल समाज के हित और पारदर्शिता के लिए होना चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर अवस्थी ने कहा कि जनसंपर्क और विज्ञापन के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर हैं। कार्यक्रम का संचालन मिताली ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओम शंकर गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. हरिओम कुमार, डॉ. जीतेंद्र डबराल, डॉ. योगेंद्र पांडेय, डॉ. रश्मि गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जौनपुर नगर पालिका में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण, मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने दिए विकास के निर्देश

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल मैदान में शनिवार दोपहर राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य ने की।एसडीएम सदर द्वारा मनोनीत सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त सभासदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि चुने हुए और मनोनीत सभी सभासद अध्यक्ष के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नगर के विकास और आम जनता की सुविधाओं के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मनोनीत सभासद अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभवी और कुशल व्यक्ति हैं, जिन्हें नगर की समस्याओं और आवश्यकताओं की अच्छी समझ है।शपथ लेने वालों में पंकज श्रीवास्तव 'हैप्पी', अरविंद गुप्ता, संदीप जायसवाल, रोहन सिंह और राहुल साहू शामिल रहे।

# क्रय केंद्रों पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, हर किसान का गेहूं खरीदा जाएगा : जिलाधिकारी



कानपुर । क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता और समयबद्ध खरीद सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी किसान को बिना खरीद के वापस नहीं लौटाया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री अब अनिवार्य है और जरूरत पड़ने पर केंद्र पर ही तुरंत पंजीकरण कराया जाएगा। छोटे किसानों को प्राथमिकता देते हुए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लापरवाही या अव्यवस्था मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नरवल तहसील के बौसर स्थित गेहूं क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम बसौर निवासी किसान रामकिशोर के गेहूं की खरीद प्रक्रिया चल रही थी, जिसे उन्होंने बारीकी से देखा और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर तौल, भुगतान और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। तौल प्रक्रिया की निगरानी करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। क्रय स्थल की जर्जर सीढ़ियों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी 63 क्रय केंद्रों पर इस वर्ष फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हुआ है, उन्हें केंद्र से वापस नहीं किया जाएगा, बल्कि वहीं पर तैनात कार्मिक तत्काल पंजीकरण कर खरीद सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने कहा कि क्रय केंद्र पर आने वाले हर किसान के गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाएगी और छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष से अधिक है।

उन्होंने सभी क्रय केंद्रों पर छाया, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नौवां गाँव में तूल पकड़ता जा रहा है इंटरलाकिंग सड़क उखाड़ने का मामला

## इंटरलॉकिंग सड़क से ईट को उखाड़ कर दबंगों ने रास्ते को किया अवरुद्ध, डीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत नौवा गाँव ( दरियापुर माफी ) में ग्राम प्रधान के द्वारा इंट रलॉकिंग सड़क बनाने के कुछ दिन बाद ही प्रधान ने अपने चहेतों के द्वारा उजड़वा दिया गया है जिस से सरकारी मद की छत हुई है,अब वह इंटरलाकिं ग सड़क का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।गाँव के ही सरोज देवी पत्नी राकेश ने इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से करते हुए जांच करने की मांग की है।सरोज कुमारी द्वारा

जिलाधिकारी को मुजेहना विकास खंड के ग्राम पंचायत नौवां गाँव ( दरियापुर माफी ) गाटा संख्या

154 /0.023 में ग्राम पंचायत निधि से इंटरलॉकिं ग का कार्य कराया गया था जो पुराना रास्ता था,उ स रास्ते पर लगी



इंटरलॉकिंग को शिव कुमार और

मीना देवी आदि लोगो ने सड़क की इंटरलॉकिंग को उजाड़ लिया है और उस को बंद करके दरवा जा लगा लिया गया है उसे रास्ते से तमाम ग्रामीण यात्री आते जाते थे सभी लोगों को रास्ता अवरुद्ध हो गया है इसकी शिकायत ग्रामीणों ने वीडियो मु जेहना से की थी लेकिन वीडियो के कानों में आज तक जू नहीं रेंगे,वही सरकार की जो क्षति हुई उस पर सचिव ने कोई कार्रवाई नहीं की है सचिवो सि र्फ ग्रामीणों को तारीख पर तारीख देते रहे और शि व कुमार बचाते रहे हैं,यह कोई भ्रष्टाचार का पहला मामला नहीं है इसके बाद में भी मनरेगा के मद से बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क में घटिया मटेरियल उपयोग करके ठेके प्रकार कार्य कराकर बनवाया गया है।ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत की तो स चिव ने आनंद खाना में प्रधान से मिलकर मनरेगा के मद से बननेवाली इंटरलॉकिंग सड़क पक्के का र्य की फाइल को पेमेंट के लिए ब्लॉक में अप्रूव क र दी गई है यही नहीं यदि मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौवां में अगर जिले के जिम्मेदार अधिका री इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थली य निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ही मुजेहना ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं और ग्राम प्रधान और सचिव के भ्रष्टाचार की पोल खुल सकती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने जताई हत्या के आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बजिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के भमैंचा ग्राम पंचायत के विरतिहा गांव में 19 वर्षीय सरजू प्रसा द सोनकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस का दावा है कि उसकी मौत सांड से भिड़ंत के बाद हुए घायल होने से हुई।मोतीगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि 11 अप्रैल की रात सरजू के दो साथी उसे सालपुर दवा लेने के बहाने घर से बुलाकर ले गए थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।बाद में दोस्तों ने बताया कि सरजू सांड से भि ड़ंत के बाद बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है।परिजन तत्काल उसे



गोंडा मेडिकल कॉ लेज ले गए,जहां से गंभीर हालत को देखते हुए ल खनऊ रेफर कर दिया गया।लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि सरजू को साथ ले जाने वाले युवकों ने ही उसके साथ मार पीट की,जिससे उसकी मौत हुई।उन्होंने बताया कि सरजू के पूरे शरीर पर चोट के निशान थे, जिस में उसके गुप्तांग पर भी गंभीर चोट पाई गई थी। सरजू अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था, उसका छोटा भाई राज 11 साल का है।उसकी तीन बहनों की शादी अभी होनी बाकी थी, जबकि दो बहनों की शादी हो चुकी थी।मोतीगंज थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक रामभवन पासवान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पायेगा।प्रारंभि क जांच में निकाल कर आया है की मोटरसाइकि ल से छुट्टा जानवर से भिड़ गए थे और घायल हो गई थी जहां लखनऊ में मौत हुई है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पायेगा। प्रारंभिक जांच में निकाल कर आया है की मोटरसाइकिल से छुट्टा जानवर से भिड़ गए थे औ र घायल हो गई थी जहां लखनऊ में मौत हुई है।

# बाल विवाह दण्डनीय अपराध : जिलाधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। जबकि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है।

डीएम ने कहा कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया को मद्देनज़र रखते हुए बाल विवाह के रोकथाम हेतु प्रत्येक ग्राम सभा के ग्राम प्रधान व चौकीदार को जागरूक कर दिया जाये ताकि ऐसे मामलों की जानकारी हो सके। डीएम ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विवाह कराने वाली संस्थाओं, पुजारियों, पुरोहितो, मौलवी, काज़ियों से संवाद कर उन्हें जागरूक कर दें। थाना प्रभारी को यह भी निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में जागरुकता अभियान भी संचालित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकरी, सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी एस.जे.पी.यू/ए.एच.टी.यू, जिला प्रोबेशन अधिकारी व समस्त कार्मिक जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेन्टर बहराइच व स्वंयसेवी संस्था देहात व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने घाधराघाट व चहलारीघाट का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारीघाट सेतु का निरीक्षण किया। बहराइच-लखनऊ मार्ग पर घाघरा नदी पर निर्मित संजय सेतु की मारम्मत तथा पान्टून पुल से भारी वाहनों के गुज़रने पर प्रतिबन्ध के कारण बहराइच सीतापुर मार्ग पर वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को देर शाम घाघराघाट का भ्रमण कर संजय सेतु की मरम्मत तथा छोटे वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर निर्मित किये गये पान्टून पुल का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। डीएम ने सभी सम्बन्धित



अधिकारियों को निर्देश दिया कि पान्टून पुल पर वाहनों के आवागमन में आमजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा एप्रोच मार्गों पर उड़ने वाली धूल से राहत देने के लिए पानी का छिड़काव कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि किसी आपातिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक दल के साथ एम्बुलेन्स, तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम, आपदा प्रबन्धन बल के साथ साथ पुलिस एवं ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करने के निर्देश दिये। संजय सेतु पर आनगोईंग मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये बल्कि निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से कार्यों को पूर्ण करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह सहित जनपद बहराइच व बाराबंकी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रूपईडीह ब्लॉक के बीडीओ, एपीओ व टीए के तिकड़ी से मनरेगा धराशायी

## बिछुड़ी, नरायणपुर माफ़ी, पचरुखी मनोहर जोत में पिपराचौबे, रुकमंगतपुर, बेलवाबाजार में फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शासन की महत्वाकांक्षी योजना है कि प्रत्ये क ग्राम पंचायत को अच्छी सड़क व अच्छे चक मार्ग दिए जाएं और ग्राम पंचायत का उत्थान हो लेकिन गोण्डा जिले रुपईडीह विकासखंड की ग्राम पं चा य त,बिछु ड़ी,न रा य ण पु र माफ़ी,पचरुखी मनोहर जोत,पिपरा चौबे,रुकमंगतपुर, बेलवा बाजार आदि गांवो में मनरेगा के मस्टर रोल में चल रहा भ्रष्टाचार यह तो महज एक बानगी है।जहां पर ग्राम पंचायत से संबंधित महात्मा गांधी रोजगार गारं टी योजना के अंतर्गत चक मार्ग की मिट्टी पटाई के नाम पर फर्जी हाजिरी चढ़ा कर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।




### मनरेगा के विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा जारी

विकास कार्यों में कार्य करने वाले कामगार मजदू रों की फर्जी हाजिरी और संबंधित पोर्टल पर अप लोड करके सरकारी धन में बंदर बांट का सिल सि ला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिव ब्लॉक में तैनात बीडीओ एपीओ मनरेगा और जिले के डीसी मनरेगा की दूषितं नीतियों के चलते लूट घसोट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय उन्हें अभय दान दिया जा रहा हैं।जिससे सरकारी भ्रष्टाचार के विरो ध में योगी सरकार की जीरो टारलेंस की नीति धरा शाई हो रही है।जिस तरह से संबंधित जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव तथा एपीओ मनरेगा कार्यों की फर्जी एमबी करने वाले कर्मचारी के साथ ही संबंधित टीए कार्य स्थल पर न जाकर ब्लॉक के अपने कार्यालय में बैठकर ही कागजों पर सब कुछ चाक चौबंद कर देते हैं।

### आफिस के बाबू पर खेल करने का आरोप

रूपईडीह ब्लॉक में एक ग्राम प्रधान ने नाम न छा पने की शर्त पर बताया कि बीडीओ के आफिस में वर्षों से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है। आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने,लीपापोती कराने और सेटिंग-गेटिंग कराने तक के खेल में मुख्य भूमिका निभाता है।इतना ही नहीं,जो ग्राम प्रधान उसकी निगाह में आ जाते हैं, उनकी कमियां बताकर उनकी ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की वास्तविकता देखने के लिए भेज देता है।चौंकाने वाली बात तो यह है कि बाद में यही बाबू प्रधान पर दबाव बनाकर सेटिंग भी कराता है।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

रूपईडीह ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# फार्मर आईडी के लिए प्रशिक्षित किये गये थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत जनपद में कृषकों के किसान पहचान पत्र फार्मर आईडी बनाए जाने के उद्देश्य से तहसील सदर अन्तर्गत कार्यरत सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रे ताओं के लिए कृषि भवन सभागार बहराइच में मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया नंदा, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ वर्मा एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि समस्त थोक व फुटकर अपने-अपने प्रतिष्ठान से जुड़े सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवा



सके। श्री सिंह ने कहा कि शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार बिना फार्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को कोई भी उर्वरक विक्रे ता 30 अप्रैल के बाद उर्वरक की बिक्री नहीं कर पायेंगे। उन्होंने उर्वरक विक्रे ताओं को सुझाव दिया कि सहायक ऐप के माध्यम से अपने से जुड़े सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। उप निदेशक कृषि व जिला कृषि अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विक्रे ताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा विक्रे ताओं के गोबाइल पर सहायक ऐप डाउनलोड कराया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त डीडी एग्री ने विकास खंड महसी की ग्राम पंचायत एरिया का भ्रमण कर गंगोत्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कृषक उत्पादक संगठन के समस्त सदस्यों को फॉर्म रजिस्ट्री बनवाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया तथा मोबाइल में सहायक ऐप डाउनलोड कराया गया। इस अवसर पर 22 कृषकों की फार्मर आईडी भी तैयार कराई गई। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री न बनवाने पर 30 अप्रैल से खाद बीज नहीं मिलेगा साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभ प्राप्त करने से आप वंचित हो सकते हैं।

# तेल संकट गहराया, पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड, किसानों और आमजनजीवन पर असर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद में डीजल-पेट्रोल की किल्लत बढ़ती जा रही है। पंपों पर आने वाला तेल ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। ऐसे में जहां कई पंपों पर लंबी लाइन लगी नजर आ रही है,वहीं,कई पंपों पर सन्नाटा पसरा है।शादी के सीजन में पेट्रोल-डीजल की किल्लत लोगों पर भारी पड़ रही है।इससे जहां एक ओर बुकिंग वाले वाहनों को अतिरिक्त डीजल खर्च करके दूसरे पंपों पर तेल लेने के लिए लाइन लगानी पड़ रही है,वहीं,दूसरी ओर निजी वाहन चा लकों को अपने आसपास के पंपों पर डीजल व पे ट्रोल के टैंकर आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### जिलाधिकारी आवास के सामने पसरा सन्नाटा,

जिलाधिकारी आवास के सामने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सुबह से ही सन्नाटा देखा गया है
पेट्रोल पंप पर जाने के लिए रास्ते को बंद कर दिया गया था,पेट्रोल पंप पर सन्नाटे को देखकर उल्टे पांव लौट गए।वहाँ पर डीजल ही उपलब्ध था
पेट्रोल के ग्राहक वापस जा रहे थे।वहीं,कमल पेट्रो ल पंप पर बंद पड़ा हुआ था। सिर्फ गुरु नानक चौ राहे के पास स्थित शर्मा पेट्रोल पर तेल का टैंकर पहुंचने की सूचना पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए।पंप कर्मी ने बताया कि करीब तीन हजार ली टर तेल आया है।सभी को तेल मिल सके,इसके लि ए निर्धारित मात्रा में ही डीजल का वितरण किया जाएगा।



### पेट्रोल पंप लगा पेट्रोल-डीजल नहीं है का बोर्ड

इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप दर्जीकुआ मनकापुर
रोड पर गाँधीबस्ती में न तो पेट्रोल है और न ही डी जल। ऐसे में पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं है का बोर्ड लगा दिया गया है।पंप कर्मी ने बताया कि कल त क हो सकता है कि डीजल व पेट्रोल आ जाए।वही सद्भावना चौकी के पास स्थित भारत पैट्रोलियम पर डीजल और पेट्रोल दोनों खत्म हो चुका है।

### पंप से निराश लौट रहे लोग

गोंडा बहराइच रोड जिओ पेट्रोल पंप पर डीजल तो मिल रहा था लेकिन पेट्रोल की किल्लत है। यहां पेट्रोल भी खत्म हो गया।ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वाहन चालक राजेश कुमार ने बताया कि उनका वाहन बुकिंग पर चलता है।पेट्रोल न मिलने से अब पेट्रोल
लेने के लिए दूसरे पंप पर लाइन लगानी पड़ेगी। ऐसे में उनकी बुकिंग भी छूट सकती है।

### पेट्रोल पंप संचालक ने क्या कहा....?

पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि डिपो से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल रही है।टैंकर आने के बाद ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है।आपूर्ति कम मिलने के कारण जिले के अधिकांश पंपों पर संकट गहरा गया है।

# सम्पूर्ण समाधान में 76 शिकायतों में से सिर्फ 15 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील करनैलगंज में जिला धिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आये हुये फ रियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकाय तों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषि त किया गया।जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 76 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें पंद्रह प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही नि स्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित सम य सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उप लब्ध कराने के निर्देश दिये



गये।सम्पूर्ण समाधा न दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टी म गठित किया जाय,तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चि त करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड,नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें,शिका यतकर्ताओं को मौके पर बुला एं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटो ग्राफी वीडियो ग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्ता रण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खि लाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधा न दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थि त सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधि कारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनि श्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस में लाभार्थियों के द्वारा अवगत कराया गया कि उनका राशन कार्ड नहीं बना है जिसे संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उपरोक्त लाभार्थियों का राशन कार्ड बनवा कर मौके पर ही वितरित किया।

# नारी शक्ति वंदन अभियान: प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा एवं छात्र इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा को प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एनएसएस के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समानता का संदेश दिया। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां आमजन को नारी शक्ति के महत्व और अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे राजनीति और समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता कनौजिया, डॉ. विनय गर्ग, डॉ. प्रणव शास्त्री, डॉ. विपिन नीरज, डॉ. दिवाकर सिंह, मुकुल अग्रवाल, रूद्र भान सिंह, अनुपम पांडे, शेफाली सक्सेना, विशाल सक्सेना, जितेंद्र मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में सभी ने महिला सम्मान व सुरक्षा की शपथ भी ली हैं।

# परमीशन 7 की, सवारियां 12: किसकी शह पर दौड़ रहीं मौत की अवैध टैक्सियां

## बरेली-पीलीभीत हाईवे पर ट्रक-ईको भिड़ंत,तीन युवकों की मौत, कई घायल

पीलीभीत।जिले में अवैध रूप से संचालित टैक्सियों और ओवरलोडिंग का खतरनाक खेल एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ शुक्रवार देर रात बरेली-पीलीभीत हाईवे पर जहानाबाद थाना क्षेत्र में ट्रक और ईको कार की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईको कार बरेली से पीलीभीत की ओर आ रही थी वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई गई थीं बताया जा रहा है कि 7 सवारी की अनुमति वाले वाहन में करीब 10 से 12 लोग सवार थे, जिनमें से कुछ रास्ते में उतर गए थे। जहानाबाद क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची

''मामले में परिवहन विभाग का पक्ष जानने के लिए एआरटीओ वीरेन्द्र को तीन बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव करना उचित नहीं समझा''

पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान रजत, निवासी मोहल्ला बाग गुलशेर खां, थाना सुनगढ़ी के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं घायलों में एक की हालत गंभीर होने पर उसे बरेली के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है कुछ मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर बहाल कराया एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा ट्रक को कब्जे में लेकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही इस हादसे ने जिले में चल रही अवैध टैक्सी व्यवस्था और ओवरलोडिंग पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना मानक पूरे किए वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं और अवैध टैक्सी स्टैंड से खुलेआम सवारियां भरी जा रही हैं ऐसे में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है लगातार हो रहे हादसों के बावजूद यदि अवैध संचालन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे हादसे आगे भी लोगों की जान लेते रहेंगे जिले में यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और अवैध टैक्सियों पर अंकुश लगाने की मांग तेज हो रही है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभिमुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ल्लमिशन शक्ति अभियानङ्क के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया। यह कार्यशाला महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों एवं उसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, रिटायर्ड महिला शिक्षकों एवं महिला समूहों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इससे संबंधित विभिन्न योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया गया।इस दौरान महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इन योजनाओं के पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने किया वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विकासखंड मरौरी के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और विद्यालय को हरा-भरा बनाना रहा। इस दौरान गेंदा ,सदाबहार,एलोवेरा बेला के पौधे लगाए गए। प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने बच्चों को बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने जरूरी हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, छाया देते हैं और पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। बच्चों ने अपने लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से पौधों में पानी देंगे और उनकी सुरक्षा करेंगे। विद्यालय के स्टाफ ने भी वृक्षारोपण

में सहयोग किया और बच्चों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की शपथ दिलाई।प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में अक्सर पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियां कराई जाती हैं। ताकि बच्चे प्रकृति से जुड़ें। पौधारोपण से न केवल विद्यालय का वातावरण सुंदर होगा बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है।

## घरेलू हिंसा: पति पर मारपीट और धमकी का आरोप

पूरनपुर।थाना पूरनपुर क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है ग्राम पिपरिया दुलई निवासी उपासना शर्मा के अनुसार, उनकी शादी 6 जून 2012 को अमित कुमार निवासी शाहजहांपुर (हाल पता रुद्रपुर) से हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद से ही पति द्वारा प्रताड़ना शुरू हो गई पीड़िता का आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से संबंध है, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे व बच्चों को खाना तक नहीं दिया गया 16 अप्रैल 2026 को आरोपी उसे मायके छोड़कर गया, जहां भी मारपीट और धमकी देकर फरार हो गया पीड़िता ने थाना पूरनपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# गौरीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील गौरीगंज में कुल अड़तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील अमेठी में बाइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण किया गया।तहसील मुसाफिरखाना में दस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में उनतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह,तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

खबर का असर

## फर्जी अस्पतालों पर शिकंजा, रजा हॉस्पिटल की जांच शुरू, बड़े एक्शन की तैयारी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र में संचालित रजा हॉस्पिटल को लेकर सोशल मीडिया पर उठे सवालों के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि रजा हॉस्पिटल में मानकों की अनदेखी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम गठित की। टीम द्वारा अस्पताल के दस्तावेज, लाइसेंस और चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिले में बिना लाइसेंस संचालित अस्पताल, फर्जी डिग्री धारक डॉक्टर, मानकविहीन नर्सिंग होम, ग्रामीण इलाकों में चल रहे अवैध क्लीनिक, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर प्रशासन की रडार पर हैं। इन संस्थानों पर लंबे समय से आम जनता का शोषण करने के आरोप लगते रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और संगठित अनियमितताओं के खिलाफ समाजसेवियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब जिले में बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई और संस्थानों पर छापेमारी और कड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है, जिससे अवैध स्वास्थ्य सेवाओं पर रोक लगाई जा सके।

## यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप हेतु अमेठी के पांच खिलाड़ी हुये चयनित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मोसर्रफ खां ने बताया कि जनपद के खिलाड़ियों ने स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित उनतीसवां यूपी प्री-स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप डॉ भीमराव अम्बेडकर अर्न्तराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभासेमर स्टेडियम अयोध्या में तेरह अप्रैल से सत्रह अप्रैल तक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उपक्रीड़ाधिकारी अमेठी के देखरेख में तथा प्रशिक्षिका रूचि सिंह के द्वारा दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के तहत जनपद अमेठी के खिलाड़ियों ने प्रथम बार शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुये जनपद का नाम अंक तालिका में दर्ज कराया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जनपद अमेठी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है उनमें जूनियर वर्ग के प्रतियोगिता में विश्वकान्त तिवारी ने दो सौ बावन स्कोर, अनुराग सिंह ने दो सौ उनतीस स्कोर, आदित्य सिंह ने तीन सौ छह स्कोर प्राप्त कर क्वालीफाई व अखण्ड सिंह एक सौ सत्तर स्कोर प्राप्त कर नाट क्वालीफाई रहे तथा सीनियर वर्ग में मुहम्मद कैफ ने तीन सौ छब्बीस स्कोर, प्रमोद कुमार ने तीन सौ चौबीस स्कोर प्राप्त कर क्वालीफाई व शास्वत सिंह ने एक सौ तिरानबे स्कोर प्राप्त कर नाट क्वालीफाई रहे। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रशिक्षक अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षिका रूचि सिंह एवं सहयोगी के रूप में पूर्व चैम्पियन शूटिंग खिलाड़ी जितेन्द्र बहादुर सिंह व शूटिंग खिलाड़ी मोहम्मद शोएब खान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## ट्रक चालक की संदिग परिस्थितियों में हुई मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में शनिवार सुबह एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि जनपद हाथरस के गांव रूहेरी निवासी नरेंद्र कुमार उम्र पैंतालिस वर्ष पुत्र निहाल सिंह ट्रक से पुणे से माल लादकर त्रिशुंडी स्थित कोका कोला फैक्ट्री पहुंचे थे। फैक्ट्री के बाहर ट्रक खड़ा करने के बाद वह मोबाइल पर बात करते हुये पानी की बोतल लेकर शौच के लिये निकले थे तभी अचानक रास्ते में गिरकर बेहोश हो गये।साथी चालक ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 26 वर्षों से जारी परंपरा : भव्य रूप में मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद में पिछले 26 वर्षों से निरंतर चल रही भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने की परंपरा इस वर्ष और भी व्यापक रूप लेने जा रही है। जहां इसकी शुरुआत मात्र तीन लोगों द्वारा की गई थी, वहीं इस बार जिले भर में डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

जागृति ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शहर के एक होटल के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर डी.एस. मिश्रा ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक पंडित रुपेश शुक्ल ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए हर विप्र परिवार से अपने घर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने की अपील की। कार्यक्रम में परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी ने भी संबोधित करते हुए सभी से रविवार को परशुराम चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी जगदंबा प्रसाद गोस्वामी, प्रदेश अध्यक्ष विनोद मिश्रा, रमेश शर्मा, राम कीरत मिश्रा, सभासद गिरीश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सभासद राजदेव शुक्ल, पत्रकार श्री प्रकाश पांडेय समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस बार का आयोजन न केवल परंपरा का विस्तार है, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक बनकर उभर रहा है।

# रजिस्ट्री के दौरान किसान के बेटे का अपरहण का प्रयास, ट्रैक्टर एजेंसी मालिक की सुझबूझ से बची जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मारपीट,धमकी और ठगी के आरोप मे मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।नगर क्षेत्र में जमीन रजिस्ट्री से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और बड़ी धनराशि की कथित ठगी के आरोप लगे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चित्तरपुर थाना माधौटांडा निवासी रामौतार पुत्र बाबूराम (उम्र करीब 40 वर्ष) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक 17 अप्रैल 2026 को उसके पिता के नाम 11 बीघा कृषि भूमि का सौदा रोहतक (हरियाणा) निवासी दीपक पुत्र रामजी सिंह (उम्र करीब 30 वर्ष) से हुआ था आरोप है कि क्रेता द्वारा आंशिक भुगतान कर तहसील पूरनपुर में रजिस्ट्री करा ली गई, जबकि शेष धनराशि देना बाकी था पीड़ित के अनुसार, 18 अप्रैल 2026 को समय करीब 1:30 बजे आरोपी ने सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के पास बुलाया जब रामौतार अपने भाई धर्मेंद्र और साले पप्पू के साथ वहां पहुंचे, तो दीपक ने उन्हें कार में पैसे गिनने के बहाने बुलाया आरोप है कि कार के अंदर उनके साथ मारपीट की गई, गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई और अपरहण का प्रयास मौके पर चीख पुकार सुन ट्रैक्टर एजेंसी मालिक हरदीप सिंह और उनके कर्मचारी मौके पर पहुंचे उनकी सूझ बूझ से प्राथी की जान बची और आरोपी बिना शेष रकम दिए मौके से फरार हो गये इसी घटनाक्रम के दौरान पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि धर्मेंद्र को कार में जबरन बैठाकर ले जाने का प्रयास किया गया हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों की सक्रियता से कार को घेर लिया गया, जिससे धर्मेंद्र किसी तरह चलती कार से कूदकर बच निकला घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना पूरनपुर में मु0अ0सं0 153/2026 के तहत धारा 115(2), 352, 351(3), 316(2) बीएनएस में अभियुक्त दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा है वायरल वीडियो और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

## सम्पादकीय

# कार्यस्थल पर भयावह

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि दृ'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चत करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है।बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में 'शून्य सहिष्णुता' की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि कंपनियों का शीर्ष प्रबंधन गाहे-बगाहे यह पड़ताल करता रहे कि सर्वाधिकार प्राप्त कोई अधिकारी असीमित अधिकारों की आड़ में उत्पीड़न के अपवित्र खेल में शामिल तो नहीं है। एक पारदर्शी व सतर्क व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है।

# 'वात्सल्य पीठ': करुणा, साधना और आत्मोन्नति का दिव्य तीर्थ

**'वात्सल्य पीठ' ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि 'वात्सल्य पीठ' के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है। 'वात्सल्य पीठ' की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं।**

दिल्ली जैसे महानगर की आपाधापी, भागदौड़ और संवेदनहीनता के बीच यदि कोई ऐसा स्थान निर्मित हो, जहाँ पहुंचते ही मन शांत हो जाए, आत्मा को विश्राम मिले और जीवन को एक नई दिशा का बोध हो, तो निश्चय ही वह स्थान साधारण नहीं, बल्कि दिव्यता का स्पंदित केन्द्र होता है। 'वात्सल्य पीठ' ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि 'वात्सल्य पीठ' के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है। 'वात्सल्य पीठ' की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं। यहाँ की प्रत्येक दीवार, प्रत्येक मार्ग और प्रत्येक कोना जैसे एक मौन संदेश देता है कि जीवन का उद्देश्य बाहरी चकाचौंध में नहीं, बल्कि आंतरिक प्रकाश की खोज में है। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का शाश्वत मंत्र यहाँ की संरचना में साकार रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसकी सज्जा कृत्रिम आडंबर से दूर, सहज और सात्विक है, जो साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के व्यक्तित्व की ही तरह निर्मल, शांत और प्रभावशाली प्रतीत होती है। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का व्यक्तित्व अपने आप में एक विलक्षण प्रेरणा है। वे केवल एक साध्वी नहीं थीं, बल्कि वात्सल्य की मूर्ति, ज्ञान की गंगा और सृजन की सजीव सरस्वती थीं। अल्पायु में ही आचार्य तुलसी के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने अपने जीवन को साधना, सेवा और सृजन के लिए समर्पित कर दिया। मात्र 17 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस आध्यात्मिक पथ का वरण किया, वह आगे चलकर एक विराट साध्वी संघ के संचालन और मार्गदर्शन तक पहुँचा। लगभग सात सौ से अधिक साध्वियों के विशाल परिवार का नेतृत्व करना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है और यह तब और भी विशिष्ट हो जाता है जब उसमें अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य और संवेदना का संतुलन भी बना रहे। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन, नेतृत्व और सृजन की भी अद्वितीय शक्ति है। उनका जीवन एक दीपशिखा की भांति था, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती रही। उनकी वाणी में ओज, विचारों में गहराई और आचरण में ऐसी पवित्रता थी, जो हर व्यक्ति को प्रभावित और प्रेरित करती थी। वे केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि साहित्य, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना और संपादन किया तथा आचार्य तुलसी की आत्मकथा 'मेरा जीवन मेरा दर्शन' के संपादन में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति में माधुर्य और चिंतन में गहराई का अद्भुत समन्वय था। वे एक सफल साध्वी, कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और संवेदनशील कवयित्री के रूप में जानी जाती थीं। 'वात्सल्य पीठ' का निर्माण केवल एक स्मारक के रूप में नहीं किया गया है, बल्कि इसे एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान आने वाले समय में एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ न केवल श्रद्धालु, बल्कि जीवन में शांति-दिशा की खोज करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आकर्षित होगा। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति अपने भीतर एक नई ऊर्जा, एक नई सकारात्मकता और एक नए संकल्प का अनुभव करेगा। यह स्थान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और यही जुड़ाव उसे समाज, संस्कृति और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराता है। शासन माता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का संपूर्ण जीवन वात्सल्य की ऐसी निर्मल धारा था, जिसने न केवल तेरापंथ साध्वी संघ को, बल्कि जन-जन के अंतर्मन को भी स्नेह, करुणा और आत्मीयता से आप्लावित किया। उनके व्यक्तित्व में वात्सल्य केवल एक गुण नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना थी, एक ऐसी करुणामयी ऊर्जा, जो हर मिलने वाले को अपनेपन के आलोक में भर देती थी। वे अनुशासन की अधिष्ठात्री होते हुए भी ममता की मूर्ति थीं, उनके सान्निध्य में कठोरता भी कोमलता में बदल जाती थी। उन्होंने सैकड़ों साध्वियों का नेतृत्व केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि माँ की तरह स्नेहिल संरक्षण देकर किया और यही कारण था कि उनके व्यक्तित्व में 'शासन' और 'माता' का अद्भुत संगम साकार हुआ। उनके प्रेम, संवेदना और वात्सल्य की असीम अनुकम्पा से अनगिनत जीवन स्पर्शित, परिवर्तित और आलोकित हुए। इसी वात्सल्य-रस से आप्लावित उनके जीवन की स्मृतियों को सहेजने के लिए 'वात्सल्य पीठ' नाम पूर्णतः सार्थक और उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस दिव्य मातृत्व, उस अनंत करुणा और उस जीवनदायी स्नेह का प्रतीक है, जिसे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जिया और जन-जन तक पहुँचाया। आज के समय में, जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है, ऐसे में 'वात्सल्य पीठ' जैसे केन्द्र अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। यह हमें स्मरण कराता है कि जीवन का वास्तविक सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और आत्मिक उन्नति में निहित है। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी का जीवन इसी सत्य का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि साधना से आत्मा का उत्थान होता है, सेवा से समाज का निर्माण होता है और सृजन से संस्कृति का संवर्धन होता है। 'वात्सल्य पीठ' इसी त्रिवेणी-साधना, सेवा और सृजन का साकार रूप है। यह स्थान न केवल अतीत की गौरवगाथा को संजोए हुए है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। यहाँ की हर ईंट, हर पत्थर और हर संरचना में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के जीवन मूल्यों की झलक दिखाई देती है। यह स्थल उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और साधना का जीवंत विस्तार है। निस्संदेह, आने वाले समय में 'वात्सल्य पीठ' एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ से शांति, करुणा और आध्यात्मिकता की किरणें चारों ओर फैलेगी। यह स्थान जन-जन को यह प्रेरणा देगा कि जीवन की सच्ची यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर होती है, और उसी यात्रा में आत्मा को उसका वास्तविक आनंद, शांति और मुक्ति का अनुभव प्राप्त होता है। वास्तव में, 'वात्सल्य पीठ' केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक अनुभूति है-एक ऐसी अनुभूति, जो मन को शांत करती है, आत्मा को जागृत करती है और जीवन को सार्थक बनाती है। यहाँ आकर हर व्यक्ति यही अनुभव करेगा कि जब जीवन में वात्सल्य, करुणा और साधना का संगम होता है, तभी जीवन अपने वास्तविक अर्थ को प्राप्त करता है। यही इस दिव्य स्थल की सबसे बड़ी उपलब्धि और विशेषता है। वात्सल्य की छाया में जब आत्मा को विश्राम मिलेगा, तभी जीवन का हर क्षण प्रभु-स्मरण में धाम मिलेगा। -ललित गर्ग

# नफरत, युद्ध और कराहती मानवता

**संजीव ठाकुर**

विश्व युद्ध की आशंका से पूरी दुनिया की मानवता पूरी तरह से सहमी हुई है। रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास-फिलिस्तीन युद्ध और अब इसराइल ईरान अमेरिका का भयावह संग्राम पता नहीं पृथ्वी पर उसके निवासियों को किस अशांति और हिंसा की दिशा में ले जाएगा ? भारत ने पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला करके ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया, जवाब में ईरान ने इजरायल के 14 शहरों में अपनी बैलिस्टिक टारगेटेड मिसाइल से हमला करके अपनी युद्ध नीति के जारी रखने की नियत को स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका के इजरायल की तरफ से ईरान पर अनावश्यक आक्रमण से ईरान की तरफ से अब उत्तर कोरिया, रूस और चीन भी इस महासंग्राम में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं। नतीजतन रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार शृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है, अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार भी आतंकवाद है।अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती नजर आ रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं हैद्य रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया हैद्य रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया हैद्य यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है।

## सेहत मंत्र

# इंफ़ेक्शन से रहना हो दूर या पेट दर्द की समस्या से चाहिए छुटकारा, हल्दी है इन सबका कारगर इलाज

किचन में मौजूद हल्दी का इस्तेमाल खाने का रंग, स्वाद बढ़ाने के साथ ही खूबसूरती निखारने और यहां तक की सेहत के लिए भी बहुत ही फायदेमंद है। तो खुद को इंफ़ेक्शन से दूर रखने के साथ ही लंबे समय तक बने रहना है सेहतमंद, तो इसका इस्तेमाल जरूर करें। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करती है हल्दी। इससे शरीर कई बीमारियों से बचा रहता है। हल्दी में पाया जाने वाला लिपोपोलिसेकराईड तत्व हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। साथ ही इसमें एन्टी बैक्टीरियल, एंटी वायरल और एंटी फंगल गुण भी विशेष रूप से पाए जाते है। हल्दी में पाया जाने वाले करक्यूमिन नामक तत्व के कारण कैथेलिसाइडिन एंटी माइक्रोबियल पेप्टाइड (सीएएमपी) नामक प्रोटीन की मात्रा बढ़ती है। सीएएमपी प्रोटीन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह प्रोटीन बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में शरीर की मदद करता है। मसाले के रूप में प्रयोग की जाने वाली हल्दी का सही मात्रा में प्रयोग पेट में जलन एवं अल्सर की समस्या को दूर करने में बहुत ही लाभकारी होता है। हल्दी का पीला रंग कुरकमिन नामक अवयव के कारण होता है और यही चिकित्सा में प्रभावी होता है। चिकित्सा क्षेत्र के मुताबिक कुरकमिन पेट की बीमारियों जैसे जलन एवं अल्सर में काफी प्रभावी रहा है। चोट लगने पर हल्दी बहुत फायदा करती है। मांसपेशियों में खिंचाव होने पर या अंदरूनी चोट लगने पर हल्दी मिला गर्म दूध पीने से दर्द और सूजन में तुरन्त राहत मिलती है। चोट पर हल्दी और पानी का लेप लगाने से भी आराम मिलता है। लीवर की तकलीफों से निजात पाने के लिए हल्दी बेहद उपयोगी होती है। यह रक्त दोष दूर करती है। हल्दी नेचुरल तौर पर ऐसे एन्जाइम्स का उत्पादन बढ़ाती है जिससे लीवर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है।

## धर्म मंत्र

# हिमाचल में मौजूद है एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर

देश में भगवान शिव के अनेकों ऐसे मंदिर हैं, जहां पर भक्तों की दर्शन के लिए भारी भीड़ लगती है। आपने कई ऐसे शिव मंदिरों को देखा और दर्शन किया होगा, जिनका इतिहास अलग और अनोखा है। आज इस आर्टिकल के दरिए हम आपको एक ऐसे शिव मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसे एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर कहा जाता है। यह मंदिर हिमाचल में मौजूद है। बता दें कि इस शिव मंदिर का नाम जटोली शिव है। यह मंदिर अपने चमत्कारों के लिए भी काफी ज्यादा फ़ेमस है। भगवान भोलेनाथ के इस मंदिर को एशिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के सोलन शहर से करीबन 7 किमी दूर स्थित है। बता दें कि महाशिवरात्रि के पर्व पर यहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। मान्यता के अनुसार, भगवान शिव के बाद यहां पर स्वामी कृष्णा परमहंस तपस्या करने के लिए आए थे। कहा जाता है कि स्वामी परमहंस के कहने पर इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। इस मंदिर के निर्माण कार्य को पूरा होने में करीब 39 सालों का समय लग गया था। बताया जाता है कि इस स्थान पर पानी की पहले काफी परेशानी होती थी। स्वामी कृष्णानंद जी ने पानी की समस्या को दूर करने के लिए भगवान भोलेनाथ की घोर तपस्या की। इस तपस्या से खुश होकर भगवान शिव ने धरती पर प्रहार किया और फिर वहां से पानी निकलने लगा। तब से इस स्थान पर पानी की कभी कमी नहीं हुई।

## पर्यटन



# कर्नाटक में आपने वेकेशन को बनाये यादगार

कर्नाटक घूमने के लिए एक बढ़िया जगह मानी जाती है। यहां पर आप कई स्थानों पर घूम सकते हैं। कर्नाटक में उत्तर में बेलगाम से दक्षिण में बैंगलोर तक हर जगह घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। इस राज्य की खूबसूरती आपको मंत्रमुग्ध कर सकती है। यहां पर आपको शानदार नजारों के साथ ही सांस्कृतिक विरासत, शांत समुद्र तट और भोजन आदि सब देखने को मिलेगा। कर्नाटक तमिल, कोंकणी, कन्नडिगा और मलयाली के अलावा ईसाइयों और मुस्लिमों का भी घर है। अगर आप भी कर्नाटक घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बैंगलुरु यहां की संस्कृति और लोगों से जुड़ा एक बेहतरीन शहर है। यह कर्नाटक के फ़ेमस जगहों में से एक है। बैंगलुरु को खुशनुमा मौसम के अलावा खूबसूरत झीलों और आकर्षक पार्कों के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आपको हरा-भरा इलाका झरनों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, और नदियां आदि देखने को मिलेंगी। हरे-भरे बगीचों के कारण ही इसको 'भारत का उद्यान शहर' कहा जाता है। यहां पर आप अपने दोस्तों या फैमिली के साथ कब्बन पार्क, उल्सूर झील, इंदिरा गांधी म्यूजिकल फाउंटेन पार्क, बगले रॉक पार्क और लुंबिनी गार्डन आदि घूम सकते हैं। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित शहर गोकर्ण शहर में आपको कई हजार साल पुराने मंदिर देखने को मिलेंगे। बता दें कि यह शहर कारवार से करीब 59 किमी, बेंगलुरु से 483 किमी और मैंगलोर से 238 किमी दूर स्थित है। बहुत सारे यात्रियों और विदेशियों का ध्यान शहर के देहाती दृष्टिकोण ने आकर्षित किया है। अगर आप भी यहां पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर स्थित तीर्थ स्थल, समुद्र तट और झरने आदि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अघनाशिनी नदी के यह शहर स्थित है। यह स्थान भक्तों के बीच काफी फ़ेमस है। इसके अलावा आप यहां पर महाबलेश्वर मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। मैंगलोर से करीब 60 किमी की दूरी पर स्थित उडुपी कर्नाटक में एक अद्भुत वेकेशन स्पॉट है। इस शहर की सबसे अनोखी बात यह है कि यह स्थान एक ओर से पश्चिमी घाट और दूसरी ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। बैंगलोर और मैंगलोर के बाद कर्नाटक का सबसे महत्वपूर्ण शहर उडुपी है। उडुपी शहर को अपने प्राचीन समुद्र तटों, घने जंगलों, टेस्टी खाने और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है।

# चकमार्ग पर अतिक्रमण, संबंधित राजस्व कर्मियों की जिम्मेदारी : डीएम

## खतौनी दुरुस्त आवेदक को तत्काल हस्तगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन ने जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण की प्रतिबद्धता को मजबूती से दोहराया। तहसील नवाबगंज में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले में संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से चकमार्ग एवं सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतों को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही पर जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एक प्रकरण में खतौनी में नाम संशोधन की शिकायत का तत्काल समाधान कर आवेदक को मौके पर ही राहत प्रदान की गई।




जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी बताया।

जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस के अंतर्गत कुल 351 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 56 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस के आयोजन के दौरान प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली। तहसील रामसनेहीघाट में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देशों के साथ प्रेषित किया गया। तहसील सिरौलीगौसपुर में 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 मामलों का मौके पर समाधान कर शेष पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तहसील रामनगर में 64 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 8 का तत्काल निस्तारण किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। तहसील फतेहपुर में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह की अध्यक्षता में 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 8 मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष प्रकरणों में त्वरित जांच और निस्तारण के निर्देश दिए गए। वहीं तहसील हैदरगढ़ में 64 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शेष सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा और आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# बाराबंकी! 'मैंगो बेल्ट' मसौली की हरियाली पर संकट, अवैध प्लाटिंग से उजड़ते आम के बाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद का मसौली क्षेत्र, जिसे वर्षों से 'मैंगो बेल्ट' के नाम से जाना जाता है, आज गंभीर पर्यावरणीय संकट के दौर से गुजर रहा है। कभी गोंडाऽबहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा पार करते ही दूर-दूर तक फैली हरी-भरी आम की बागें इस इलाके की पहचान हुआ करती थीं, लेकिन अब वही बागें भूमाफियाओं की नजर में ल्लसोना उगलती जमीनङ्क बन चुकी हैं। नतीजा–हरे-भरे आम के पेड़ों पर आरा चल रहा है और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल उगाने की तैयारियां हो रही हैं। विशिष्ट आम की वैराइटी पर मंडराता खतरा जब भी आम की बात होती है तो मलिहाबाद का नाम स्वतः सामने आता है, लेकिन मसौली क्षेत्र की अपनी अलग पहचान है। यहां पाई जाने वाली आम की दुर्लभ वैराइटी न केवल प्रदेश बल्कि देश-विदेश तक प्रसिद्ध है। यही वजह है कि इस क्षेत्र को 'मैंगो बेल्ट' कहा जाता है। आज वही विशिष्टता अवैध कटान और प्लाटिंग की भेंट चढ़ती दिख रही है।

हाईकोर्ट के आदेश बेअसर, कुल्हाड़ों का आतंक जारी प्रदेश में हरे पेड़ों की कटाई पर रोक के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद मसौली क्षेत्र में नियम-कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय स्तर पर वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत के चलते अवैध कटान पर अंकुश नहीं लग पा रहा। हरियाली का तेजी से सफाया कर यहां आवासीय प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं, जिससे बागों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

वृक्षारोपण अभियान को ठेंगा- एक ओर सरकार विश्व पर्यावरण दिवस जैसे अवसरों पर करोड़ों पौधे लगाने के रिकॉर्ड बना रही है, वहीं दूसरी ओर भूमाफिया उन्हीं प्रयासों को कमजोर करते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आह्वान के बावजूद जमीनी स्तर पर हरियाली बचाने की पहल कमजोर पड़ती दिख रही है।

पर्यावरण पर गहरा प्रभाव -विशेषज्ञों के अनुसार, आम के पेड़ केवल फल देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण ऑक्सीजन का उत्सर्जन मिट्टी के कटाव को रोकना स्थानीय जलवायु को संतुलित रखना इन बागों के खत्म होने से क्षेत्र में तापमान वृद्धि, प्रदूषण और जल संकट जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आर्थिक और सामाजिक संकट की आहट मसौली क्षेत्र में बड़ी संख्या में परिवार आम की खेती पर निर्भर हैं। बागों से जुड़े मजदूर फल व्यापारी

परिवहन से जुड़े लोग इन सभी की आजीविका आम की फसल से चलती है। पेड़ों की कटाई से न केवल रोजगार खत्म होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा झटका लगेगा। ग्रामीणों की मांगः बाग बचाओ, भविष्य बचाओ स्थानीय ग्रामीणों और बुजुर्गों का कहना है किः प्लाटिंग के लिए वैकल्पिक भूमि की तलाश की जाए आम के बागों के संरक्षण के लिए विशेष नीतियां बनाई जाएं अवैध कटान करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो पर्यावरण कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाएग्रामीणों का स्पष्ट मानना है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो मसौली की पहचान और हरियाली दोनों इतिहास बन जाएंगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण–सुदामा प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र अंतर्गत तिवारीपुर गांव में गजेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कथा के दौरान रायबरेली से पधारे कथावाचक वेद प्रकाश दीक्षित जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के चरित्र का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया।कथावाचक ने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सुदामा की गरीबी और उनके मन में श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा यह दर्शाती है कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं, धन-दौलत के नहीं। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम में अमरेंद्र प्रताप सिंह, दीपांशु सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, रमेश प्रताप सिंह,प्रदीप सिंह, संकट हरण सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कथा के समापन तक इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।



# वन दरोगा को धमकी देने का मामला, आरोपों से बढ़ा विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी को धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय वन कार्यालय रानीबाजार में तैनात वन दरोगा सचिन पटेल ने कोतवाली रामनगर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने फोन पर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया।

तहरीर के अनुसार, 28 जनवरी को वन दरोगा के मोबाइल पर आए कॉल में कॉल करने वाले ने अपना नाम गुलजार हुसैन (निवासी गगियापुर, थाना फतेहपुर) बताया और ग्राम बादीपुरवा में एक गूलर के पेड़ के कटान की बात कही। जब वन दरोगा ने बिना अनुमति पेड़ कटान को अवैध बताते हुए मौके पर कार्रवाई करने की बात कही, तो आरोपी के भड़कने और धमकी देने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवैध कटान और वन माफिया से जुड़े आरोपों की चर्चा इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान और वन संपदा के दोहन को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों द्वारा यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि इस तरह की गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय नेटवर्क पर पहले भी कार्रवाई के दौरान विरोध और हिंसा की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि, जिन पुराने मामलों या कथित हमलों का उल्लेख किया जा रहा है–जैसे पुलिस कर्मियों पर हमले या फरार होने जैसी बातें–उनकी स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। ऐसे सभी आरोप जांच के दायरे में ही माने जाएंगे।

प्रशासन और कानून व्यवस्था पर नजर

इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन के सामने चुनौती यह भी है कि अवैध पेड़ कटान और उससे जुड़े नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वन संपदा की सुरक्षा और सरकारी कार्य बाधित न हो। साथ ही, इस मामले से जुड़े सभी दावों और आरोपों की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

'' प्रशासन पर भारी माफिया''

रामनगर तहसील ! प्रशासन पर माफिया भारी पड़ते रहे है,इसके अनेकानेक प्रमाण है। सुप्रसिद्ध तीर्थ महादेवा में 'महादेवा कॉरिडोर' परियोजना के शुरुआत के साथ गतिविधियां तीव्र है। प्रशासन की माफिया पर लगाम क्यों नहीं लग रहा है यह तो वही बेहतर बता सकेंगे लेकिन शिवार्चन तालाब जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर भूमाफिया रियाज एवं साथियों द्वारा कांप्लेक्स निर्माण किया गया। हालांकि एक समाजसेवी के पहल पर न्यायालय ने हस्तक्षेप किया और ध्रवस्तीकरण की कार्यवाही हुई। अतिक्रमण पर विराम नहीं लगा। उक्तभूमाफिया की गतिविधियां आज भी जैसी की तैसी ही है। और प्रशासन नतमस्तक।

## जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा बैच शुरू, अधिकारियों ने दिलाई जिम्मेदारी की सीख

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में शनिवार को तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का शुभारंभ उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने जनगणना को विकास योजनाओं की आधारशिला बताते हुए प्रशिक्षुओं को जिम्मेदारी और सतर्कता से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण में शिक्षकों को घर-घर सर्वेक्षण, सटीक आंकड़ा संकलन और प्रपत्रों को सही ढंग से भरने की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। तकनीकी पहलुओं और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव समेत कई प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# आमने–सामने भिड़ीं दो बाइक युवक की मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय क्षेत्र के मिझूठी महादेवन में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के मरेवा सेहरा निवासी रामजी मौर्य (पुत्र गंगा राम मौर्य) अपनी ससुराल गौरा बारामऊ (बल्दीराय) से मोटरसाइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मिझूठी महादेवन पहुंचे, सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामजी मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बल्दीराय थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, टक्कर मारने वाला बाइक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# 200 बीघा झील पर कब्जा, प्रशासन मौन बाराबंकी में एस.सी आदेशों की अनदेखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद की तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम दुल्हदेपुर में स्थित लगभग 200 बीघा की प्राचीन झील/तालाब पर दबंगों का कब्जा बना हुआ है। यह वही भूमि है जो राजस्व अभिलेखों में तालाब खाते के रूप में दर्ज रही है, और जिसे संरक्षित करना प्रशासन की कानूनी जिम्मेदारी है। लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा न्यास के महंत बीपी दास द्वारा की गई शिकायत पर प्रशासनिक जांच कराई गई, जिसमें अतिक्रमण की पुष्टि भी हुई। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी, और अवैध रूप से दर्ज नामों को निरस्त करने की कार्यवाही हेतु निर्देश भी दिए गए। इसके बावजूद, आज तक जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थिति यह है कि राजस्व विभाग और चकबंदी विभाग के बीच लगातार


अनुस्मारक-1/महत्वपूर्ण

कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, बाराबंकी।

संख्या 95 /परिवाद लिपिक/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2026

उप जिलाधिकारी,
रामसनेहीघाट, बाराबंकी।
महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या-759/परिवाद लिपिक/2025 दिनांक 30 सितम्बर, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा जिलाधिकारी महोदय के पत्र संख्या-09/शि0लि0 दिनांक 13.01.25 के माध्यम से महन्त श्री बी0पी0दास निवासी ग्राम नगरपालिका मार्केट कम्पाउन्ड, तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी द्वारा तहसील रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी अन्तर्गत ग्राम दुल्हदेपुर, परगना सूर्यपुर, तहसील रामसनेहीघाट, जनपद बाराबंकी स्थित तालाब खाते में दर्ज भूमि गाटा सं0 459, 460 व 461 को मा0 उच्चतम न्यायालय के निर्देश के क्रम में अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट द्वारा प्रेषित जांच आख्या के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमेटी गठित कर जांच करायी गयी थी। जांच कमेटी द्वारा जांच कर, जांच आख्या जिलाधिकारी महोदय को दिनांक 28.01.25 को प्रेषित की गयी थी। जांच आख्या में गाटा सं0 303 जो तालाब खाता सं0 137 की भूमि रही है, जिसका नया नम्बर 254 है। उक्त गाटा शमशेर बहादुर पुत्र वंशराज के नाम अवैधानिक तरीके से दर्ज है, जिसे निरस्त किये जाने हेतु जिला शासकीय अधिवक्ता(राजस्व), बाराबंकी को बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, बाराबंकी के न्यायालय में अपील योजित करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा इस न्यायालय पर दिनांक 09.06.2025 को ग्रामसभा/सरकार की ओर शमशेर बहादुर पुत्र वंशराज निवासी ग्राम दुल्हदेपुर, तहसील रामसनेहीघाट को मुकदमा पक्षकार बनाते हुए अपील योजित की गयी है। गाटा सं0 303 जो तालाब के खाता सं0 137 की भूमि रही है, जिसका नया नम्बर 254 है, जिसमें शमशेर बहादुर सिंह पुत्र वंशराज का नाम अंकित है, को इस न्यायालय द्वारा रजिस्टर्ड नोटिस जारी की गयी। नोटिस पर आख्या दिनांकित 21.06.25 द्वारा कहा गया है कि श्री शमशेर बहादुर सिंह का देहांत हो गया है। जिस कारण नोटिस उन्हें तामील नहीं की जा सके। चूंकि अपील के गुण-दोष पर निस्तारण हेतु शमशेर बहादुर सिंह मृतक के वारिसानों को नियमानुसार नोटिस/सम्मन तामील किया जाना आवश्यक है।

अतः पुनः अनुरोध है कि गाटा सं0 303 जो तालाब खाता सं0 137 की भूमि रही है, जिसका नया नम्बर 254 है, पर दर्ज खातेदार शमशेर बहादुर पुत्र वंशराज के वारिसानों के बाबत जांच कराकर, उनका नाम आदि इस न्यायालय को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करे, जिससे कि अपील का गुण-दोष पर नियमानुसार निस्तारण किया जा सके।

संलग्नकः-उपरोक्तानुसार।

28/02/2026
(संजय कुमार विश्वास)
बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी,
बाराबंकी।

पत्राचार हो रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्यवाही शून्य बनी हुई है। मृतक खातेदार के वारिसों की जानकारी जुटाने के नाम पर प्रक्रिया को लंबित रखा जा रहा है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि तालाब, झील और सार्वजनिक जलस्रोतों को अतिक्रमण से मुक्त कर संरक्षित किया जाए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा मामला ल्लनूरा कुश्तीङ्क का रूप ले चुका है, जहां जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे को पत्र लिखकर औपचारिकता निभा रहे हैं, लेकिन अवैध कब्जा जस का तस बना हुआ है।

यह प्रश्न उठता है कि जब जांच में शिकायत सही पाई जा चुकी है, तो आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या प्रशासन दबाव में है या फिर जानबूझकर मामले को लटकाया जा रहा है?

गौरतलब है कि इस तरह के जलस्रोत न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ग्रामीण जल प्रबंधन और भूजल संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन पर कब्जा होना और प्रशासन का निष्क्रिय रहना गंभीर चिंता का विषय है।

अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन, शासन स्तर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि तत्काल संज्ञान लें, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें और इस झील को अतिक्रमण मुक्त कराकर जनता को उसका अधिकार वापस दिलाएं।

## गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर

रामसनेहीघाट (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीण युवाओं को अब उच्च शिक्षा के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। विकास खंड बनीकोडर की 87 ग्राम पंचायतों में से पहले चरण में 34 पंचायत भवनों को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इ–लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, ई–बुक्स, ऑडियो–वीडियो लेक्चर, कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। बुजुर्गों के लिए एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था भी की जाएगी। बीडीओ शिवजीत सिंह के अनुसार, चयनित पंचायतों में किताबों की पहली खेप पहुंच चुकी है और जल्द ही फर्नीचर व कंप्यूटर की व्यवस्था कर संचालन शुरू होगा।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 104 मरीजों का परीक्षण, दवाएं वितरित

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डिवाइन धनवन्तरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में पंचायत भवन बड़ागांव में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 104 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श देते हुए समय पर उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्राम प्रधान नूरफातिमा ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी हैं। इस दौरान चिकित्सा टीम और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भीषण आग में कई घर जले, लाखों का नुकसान

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के डीहा रहीमपुर गांव में भीषण आग लगने से कई परिवारों की झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। आग की शुरुआत एक घर से हुई और तेजी से आसपास के मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

ग्रामीणों के प्रयासों के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। घटना में अनाज, कपड़े, घरेलू सामान, पशु और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है।

## भाकियू का ज्ञापन, 7 मई तक समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

सिद्धौर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बिबियापुर घाट की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधूरी इंटरलॉकिंग, छुट्टा पशुओं की समस्या, चकमार्ग की मरम्मत, खराब हैंडपंप और बंद शौचालयों को चालू कराने जैसी मांगें शामिल हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि 7 मई तक समाधान न होने पर 8 मई को पंचायत भवन पर धरना दिया जाएगा।

## जैदपुर पुलिस को बड़ी सफलता, 4.9 किलो अवैध पोस्ता छिलका के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जैदपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 अप्रैल को ग्राम श्याम नगर थाना असंद्रा निवासी अशोक कुमार को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4 किलो 900 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना जैदपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विनय कुमार, हेड कांस्टेबल गुफरान, अनुज कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीष कुमार और राहुल कुमार शामिल रहे।

## चार स्कूलों पर कसा शिकंजा, बाकी पर खामोशी, कार्रवाई पर उठे सवाल

मीरजापुर। राजगढ़ विकास खंड में बिना मान्यता चल रहे चार स्कूलों पर शनिवार को शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई, लेकिन अन्य निजी स्कूलों पर उसकी चुप्पी ने नई बहस छेड़ दी है। खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार की कार्रवाई के बाद जहां अवैध स्कूलों में हड़कंप मच गया, वहीं उनकी कार्यशैली पर सवाल भी उठने लगे हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने गैर–मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच का आदेश दिया था। इसी क्रम में खंड शिक्षाधिकारी ने श्रीमती सुधना देवी कन्या जूनियर हाई स्कूल (राजगढ़), ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल (बसंतपुर), पीएनएसएसडी पब्लिक स्कूल (जंगल महाल) और एक अनाम विद्यालय (धुरकर) को नोटिस जारी किया। नोटिस में चेतावनी दी गई कि बिना मान्यता संचालन जारी रखने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा ।

# 9186 लाख की लागत से सड़क चौड़ीकरण, कोटवाधाम विकास को 3 करोड़ मंजूर







कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। भेलसर-फतेहपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और एमएलसी अंगद सिंह ने किया। करीब 9186.76 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 27 किमी लंबी सड़क क्षेत्रीय विकास की रीढ़ साबित होगी। राज्यमंत्री ने बताया कि कोटवाधाम के विकास के लिए 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए और कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों और आम लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

विपक्ष पर निशाना

राज्यमंत्री ने महिला आरक्षण मुद्दे पर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्हें महिला विरोधी बताया और कहा कि भविष्य में जनता इसका जवाब देगी।





# खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

एजेंसी

कोलकाता। शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिये तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है। केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाश दीप चोटों के कारण बाहर हैं




जबकि मथीशा पथिराना अभी तक आये नहीं हैं। रहाणे और मुख्य कोच अभिषेक नायर के कई फैसले भी विवादित रहे हैं। चयन से जुड़े फैसलों और मैच प्रबंधन पर ऊंगली उठी हैं। टी20 विश्व कप के बाद लय हासिल करने के लिये जूझ रहे स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को पावरप्ले में उतारना समझ नहीं आया। अभिषेक शर्मा ने उनके एक ओवर में 25 रन निकाले थे जिससे उनका हौसला और टूट गया होगा। पहले चार मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके। न्यूजीलैंड के लिये टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले टिम सीफर्ट को अभी तक एक ही मैच में उतारा गया जबकि स्टार हरफनमौला रचिन रविंद्र अभी तक खेले ही नहीं हैं। कई प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर भी बेंच पर ही बैठे रह गए। शेन वाटसन, टिम साउदी और ड्वेन ब्रावो जैसे दिग्गजों के सहयोगी स्टाफ में रहते हुए केकेआर सही एकादश नहीं उतार पाया है। रहाणे के टॉस जीतने के बाद के फैसले भी अजीब रहे हैं। मसलन गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिच में नमी होते हुए उन्होंने बल्लेबाजी चुनी और पावरप्ले के भीतर स्कोर तीन विकेट पर 32 रन था। आगामी विधानसभा चुनाव के कारण अब यहां करीब एक महीने तक मैच नहीं होगा जिससे केकेआर घरेलू प्रशंसकों के सामने पहली जीत के लिये बेताब होगी। अब ईडन गार्डंस पर अगला मैच 16 मई को होगा। दूसरी ओर राजस्थान के विजय रथ पर सनराइजर्स ने विराम लगा दिया था। उसके शीर्ष बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल , लुआन ड्रि प्रिटोरियस और रियान पराग दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके थे। इस कमजोरी से टीम को पार पाना होगा।

# हमने कम रन बनाये, बेहतर प्रदर्शन करना होगा : जेमिमा रौड्रिग्स

एजेंसी

डरबन। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स ने स्वीकार किया कि उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले महिला टी20 मैच में अच्छे रन नहीं बना सकी और उन्होंने यह भी कहा कि आगामी विश्व कप की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बल्लेबाजों , खासकर हरफनमौलाओं के लिये सुनहरा मौका है।

भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने पांच गेंद बाकी रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। रौड्रिग्स ने पत्रकारों से कहा ,'' मुझे लगता है कि हम बल्लेबाजी में 15 . 20 रन पीछे रह गए। जिस तरह की शुरूआत हमें मिली और शेफाली ने जिस तरह से शानदार शुरूआत दी, हमें बेहतर स्कोर बनाना चाहिये था। उन्होंने कहा ,'' इसके बाद दो ओवर में दो विकेट गिर गए लेकिन हरमनप्रीत कौर और मैं साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे। हमने वह लय बनाई और दबाव हटा दिया था लेकिन मौके




को भुना नहीं सके। हरमनप्रीत ने 33 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 29 गेंद में 36 रन की पारी खेली। दोनों ने 51 गेंद में 71 रन की साझेदारी की। जेमिमा और रिचा घोष (पांच) हालांकि लगातार आउट हो गए जिससे आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी नहीं हो सकी। रौड्रिग्स ने कहा ,'' हरमन और मुझे बड़ी साझेदारी बनानी चाहिये थे। रिचा भी जिस तरह से आउट हुई, वह शॉट छक्का भी हो सकता था। दस में से एक बार आप इस तरह के शॉट पर आउट हो जाते हैं लेकिन नौ बार वह छक्का लगाती है। विश्व कप को देखते हुए हमें इस पर काम करना होगा। उन्होंने कहा ,'' निचले क्रम पर आने वाले हरफनमौलाओं को भी उतना मैच टाइम और अनुभव नहीं मिलता। दक्षिण अफ्रीका में उनके लिये यह सुनहरा मौका है जिससे विश्व कप की तैयारी मजबूत होगी।

# बांग्लादेश टेस्ट दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, सरफराज अहमद बने मुख्य कोच

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे के लिए पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान की सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले सरफराज ने अंडर-19 टीम के साथ मेंटर-मैनेजर के रूप में एशिया कप जीत दिलाई थी। टीम के साथ पूर्व टेस्ट खिलाड़ी असद शफीक को बल्लेबाजी कोच और उमर गुल को गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कप्तानी की जिम्मेदारी एक बार फिर शान मसूद के पास रहेगी। यह सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र



का हिस्सा होगी। पाकिस्तान टीम में चार नए खिलाड़ियों—अब्दुल्ला फजल, आमद बट, अजान अवैस और मोहम्मद गाजी घोरी को पहली बार मौका दिया गया है। टीम के पांच खिलाड़ी—अजान अवैस, इमाम-उल-हक, मोहम्मद गाजी घोरी, नोमान अली और साजिद खान इस समय लाहौर में रेड-बॉल ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा हैं। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 8 से 12 मई तक ढाका में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 16 से 20 मई तक सिलहट में आयोजित होगा। पाकिस्तानी टीम 27 अप्रैल को कराची में इकट्ठा होगी, जहां एक मई तक प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसके बाद टीम 2 मई को बांग्लादेश रवाना होगी। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में व्यस्त खिलाड़ी अपनी टीम के अभियान खत्म होने के बाद शिविर से जुड़ेंगे, जबकि फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 3 मई के बाद टीम से जुड़ेंगे।

पाकिस्तान टेस्ट टीमः शान मसूद (कप्तान), अब्दुल्ला फजल, आमद बट, अजान अवैस, बाबर आजम, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद गाजी घोरी (विकेटकीपर), नोमान अली, साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

# पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने विजय रथ पर सवार पंजाब किंग्स की चुनौती

एजेंसी

मुल्लांपुर। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट +1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो




उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद दर्द से कराहते हुए रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह हालांकि बाद में बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन उस समय उनकी कोहनी पर पट्टी लगी हुई थी। ऐसे में रविवार के मैच में उनकी उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला एकतरफा रहा। मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी के संघर्ष के बावजूद एलएसजी की टीम केवल 146 रन ही बना सकी थी। लखनऊ की बल्लेबाजी अब तक लय में नहीं दिखी है और टीम इस सत्र में अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है। इसके विपरीत पंजाब ने दो बार 200 का आंकड़ा पार किया है और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही थी। पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (211 रन) शानदार लय में हैं। वह और कप्तान श्रेयस अय्यर (203 रन) क्रमशः 172.95 और 187.96 के स्ट्राइक रेट के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने मुंबई के खिलाफ जीत में अहम साझेदारी की थी। प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली ने भी टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मुंबई के खिलाफ 22 रन देकर तीन विकेट लेकर लय में वापसी के संकेत दिए। प्रिंस यादव एलएसजी के लिए नौ विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उनके बाद आवेश खान (पांच विकेट) और मोहम्मद शमी (चार विकेट) हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चोटिल डेविड पेन की जगह गेराल्ड कोएत्जी सनराइजर्स हैदराबाद टीम में

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटिल डेविड पेन की जगह गेराल्ड कोएत्जी को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज पेन ने सनराइजर्स के लिये इस सत्र में दो मैच खेलकर दो विकेट लिये हैं। वह एड़ी की चोट के कारण बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' दक्षिण अफ्रीका के दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज कोएत्जी को विकल्प के रूप में शामिल किया गया है और वह दो करोड़ रूपये में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ेंगे। कोएत्जी ने दक्षिण अफ्रीका के लिये चार टेस्ट, 14 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं।

### वर्तमान में रहें, जज्बात में नहीं बहें : श्रेयस अय्यर का पंजाब किंग्स को मंत्र

**मुल्लांपुर।** पिछले सत्र की उपविजेता पंजाब किंग्स भले ही शानदार शुरूआत करके आईपीएल में अभी तक अपराजेय हो लेकिन कप्तान श्रेयस अय्यर का मानना है कि फोकस वर्तमान में रहने पर होना चाहिये। कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 आईपीएल खिताब जिताने के बाद पिछले साल पंजाब किंग्स से जुड़े अय्यर ने कोच रिकी पोंटिंग के साथ टीम की तकदीर बदल दी है। पिछले सत्र में फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से हारी पंजाब टीम पांच में से चार मैच जीत चुकी है जबकि केकेआर के खिलाफ मैच बारिश में धुल गया था। अय्यर ने जियोस्टार से कहा ,'' मिशन खिताब जीतना है। लेकिन मेरा मानना है कि वर्तमान में और नियंत्रण में रहने से आप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। बहुत आगे की सोचने की जरूरत नहीं है। मैं अपनी टीम से भी यही कहता हूं कि हम अपने लिये खेल रहे हैं, विरोधी टीम के लिये नहीं। हमें रोज प्रदर्शन में सुधार करना है। उन्होंने खिलाड़ियों के फैसले पर भरोसा करने की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया एक मैच में कैसे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने विजय कुमार विशाख को इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारने का सुझाव दिया था और उसने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने कहा ,'' मैदान पर हर खिलाड़ी मैच में होता है और सभी की राय मायने रखती है। गेंदबाज जब कुछ सुझाव देता है तो उसे मानना अहम है क्योंकि उसकी राय भी सटीक हो सकती है। अय्यर ने खुद को मिली 'सरपंच' की उपमा के बारे में मजाकिया लहजे में कहा ,'' मुझे यह पसंद है। मुझे नहीं पता कि पंजाब किंग्स से जुड़ने के बाद इसकी शुरूआत कहां से हुई और इसके क्या मायने हैं। लेकिन बाद में साथी खिलाड़ियों ने बताया कि इसका मतलब परिवार , समूह या जिले का मुखिया होता है।

### भारतीय महिला टीम को दूसरे टी20 में बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजी पर करना होगा फोकस

**डरबन।** पहले मैच में मिली हार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में उतरेगी तो बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत का स्कोर एक समय 15वें ओवर में दो विकेट पर 119 रन था लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से पांच गेंद बाकी रहते जीत दर्ज कर ली। शेफाली वर्मा (20 गेंद में 34 रन) ने भारत को अच्छी शुरूआत दी लेकिन स्मृति मंधाना (14 गेंद में 13) ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं सकीं। पावरप्ले में दो विकेट गिरने से भारत की रनगति पर अंकुश लग गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ( 33 गेंद में नाबाद 47) और जेमिमा रौड्रिग्स (29 गेंद में 36 रन ) ने बीच के ओवरों में 51 गेंद में 71 रन जोड़े लेकिन आखिरी पांच ओवर में भारतीय टीम 33 रन ही बना सकी और तीन विकेट गंवा दिये। दूसरे मैच में भारत को अच्छी शुरूआत का फायदा उठाना होगा और निचले क्रम के बल्लेबाजों को इसके लिये खुलकर खेलना होगा। मंधाना ने कहा ,'' हम बल्लेबाजी ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर तक मैच को खिंचा। इससे हमें काफी कुछ सीखने को मिला है। पिछली चार श्रृंखलायें जीत चुकी भारतीय टीम ने 14 वाइड गेंदें भी फेंकी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर, अरूंधति रेड्डी और काशवी गौतम ने तीन तीन ओवर डालकर क्रमशः 25, 28 और 29 रन दिये। स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने 26 रन देकर दो विकेट चटकाये जबकि श्रीचरणी ने 26 रन देकर एक विकेट लिया। भारत की फील्डिंग भी लचर रही। रेणुका और अनुष्का शर्मा ने डैथ ओवरों में कैच टपकाये। मंधाना ने कहा ,'' आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के एक महीने बाद हम खेल रहे हैं। सभी लय हासिल करने की कोशिश में है। हम इस मैच के बाद आत्ममंथन करके मजबूती से उतरेंगे। दो महीने बाद ब्रिटेन में टी20 विश्व कप होना है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार वापसी, अर्जेंटीना दौरे का समापन 2-2 की बराबरी से किया

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना दौरे पर शानदार जुझारूपन दिखाते हुए चार मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबलों में हार झेलने के बाद टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम दोनों मैच जीतकर सीरीज को बराबरी पर



समाप्त किया। सीरीज का पहला मैच 13 अप्रैल को खेला गया, जिसमें भारत की ओर से नवनीत कौर (22वां मिनट) और अन्नू (29वां मिनट) ने गोल किए। हालांकि अर्जेंटीना ने मारिया एमिलिया लार्सन, विक्टोरिया ग्रानाटो और जुलेटा जानकुनास (दो गोल) की बदौलत 4-2 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले (14 अप्रैल) में इशिका ने 22वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन अगुस्तिना गोर्जेलानी के दो गोल (34वें और 48वें मिनट) की मदद से अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत हासिल कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरे मैच (16 अप्रैल) में भारतीय टीम ने शानदार वापसी की और 2-1 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर (26वां मिनट) और नेहा (37वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना की ओर से 52वें मिनट में एक गोल जरूर आया, लेकिन भारतीय टीम ने बढ़त बनाए रखी। 17 अप्रैल को खेले गए अंतिम मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और निर्धारित समय तक मैच 0-0 से बराबरी पर रहा। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोई गोल नहीं होने दिया। इसके बाद शूटआउट में भारत ने 3-2 से जीत दर्ज कर सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। कार्यवाहक कप्तान नवनीत कौर ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा, ल्पहले दो मैच हारने के बाद वापसी करना आसान नहीं था, लेकिन टीम ने हिम्मत और जज्बा दिखाया। यह जीत बताती है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह दौरा भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहा, जहां उन्हें विदेशी परिस्थितियों में मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का महत्वपूर्ण अनुभव मिला। अब टीम स्वदेश लौटकर आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी करेगी।

# कप्तान रहाणे ने केकेआर से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने का आग्रह किया

एजेंसी

अहमदाबाद। छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने,



खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है। गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा ,'' इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा ,''हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है। कोई भी हारना नहीं चाहता लेकिन खेल में हार जीत चलती है। हमें सकारात्मक सोच के साथ उतरना और खुलकर खेलना होगा। हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है। उन्होंने कहा ,'' हर मैच के बाद हम बात करते हैं कि प्रदर्शन कैसे बेहतर हो सकता है। हारने के बाद आप संयोजन पर बात करते हैं।

# भारत ने मार्च में बांग्लादेश को 22,000 टन हाई-स्पीड डीजल की आपूर्ति की

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत ने मार्च में बांग्लादेश को 22,000 टन हाई-स्पीड डीजल की आपूर्ति की है और सेशेल्स एवं मालदीव से भी उनकी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन अनुरोधों पर देश की अपनी जरूरतों, उपलब्धता और रिफाइनिंग क्षमता को ध्यान में रखते हुए विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने मार्च, 2026 में बांग्लादेश को 22,000 टन डीजल की आपूर्ति की और इस महीने भी इसकी आपूर्ति जारी है। इसके अलावा, पिछले महीने श्रीलंका को भी 38 टन पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की गई थी। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की हाल में मॉरीशस यात्रा के दौरान तेल एवं



गैस आपूर्ति के लिए दोनों सरकारों के स्तर पर समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाल एवं भूटान को मौजूदा व्यवस्थाओं के तहत ईंधन की आपूर्ति किसी तरह की बाधा के बगैर जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पड़ोसी देशों ने पश्चिम एशिया संकट के दौरान भारत द्वारा निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए सराहना भी व्यक्त की है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के बाद वैश्विक तेल और गैस कीमतों में उछाल आया है। इस समुद्री मार्ग से वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत व्यापार होता है।

# अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर प्रतिबंधों में छूट की अवधि एक महीने बढ़ाई

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस से पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद की अनुमति देने वाली छूट की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है जबकि कुछ दिन पहले ही उसने यह विशेष राहत देने संबंधी कदम को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही थी। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी कर रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों से छूट की अवधि को 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में मौजूद तेल के लिए 16 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले अमेरिका ने भारत को पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी थी। इसके कुछ दिन बाद कई अन्य देशों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अमेरिका द्वारा शुक्रवार को जारी किया गया सामान्य लाइसेंस ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से




जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं करता है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इससे पहले बुधवार को कहा था कि अमेरिका रूसी तेल और ईरानी तेल से जुड़ी छूट की अवधि को आगे नहीं बढ़ाएगा। अमेरिका एवं इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध की शुरुआत करने के बाद से तेल कीमतें बढ़ने के मद्देनजर प्रतिबंधों में पहले दी गई छूट के कारण पोतों पर पहले से लदा रूस का 14 करोड़ बैरल तेल वैश्विक बाजारों तक पहुंचा। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के आदेश में कहा गया, 17 अप्रैल, 2026 से प्रभावी सामान्य लाइसेंस संख्या 134ए, जो 19 मार्च, 2026 को जारी किया गया था और जिसकी अवधि 11 अप्रैल, 2026 को समाप्त हो गई थी, की जगह अब सामान्य लाइसेंस संख्या 134बी को लागू किया जाएगा।

# ऐतिहासिक रहा बजट सत्र, कांग्रेस पर लगा महिला विरोधी होने का अमिट दाग : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि शनिवार को समाप्त बजट सत्र ऐतिहासिक रहा है लेकिन इस सत्र में कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों पर महिला विरोधी होने का जो दाग लगा है वह कभी मिटेगा नहीं और आक्रोशित देश की महिलाएं अपने अधिकार छीनने के लिए इन दलों को कभी माफ नहीं करेगी।

श्री रिजिजू ने आज यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद के बजट सत्र की 16 अप्रैल से शुरु हुई तीन दिन की विस्तारित बैठक में नारी वंदन अधिनियम लाया गया लेकिन दो दिन चली चर्चा के बाद कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के महिला विरोधी होने के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका। उन्होंने इस विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर तीखा हमला किया और कहा कि कांग्रेस के साथ ही जो भी राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकार छीनने के लिए इस विधेयक के विरोध में खड़े हुए उन्हें देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि यह कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों ने बहुत बड़ा पाप किया है।



उन्होंने कहा कि बजट का आज अंतिम दिन था और पूरे बजट सत्र के 81 दिनों की अवधि में सदन की कुल 31 बैठकें हुई। जनवरी 28 से शुरु हुए इस सत्र के अंतिम दिन 18 अप्रैल तक इसकी उत्पादकता बहुत ऐतिहासिक रही है। संसद की समवेत बैठक के बाद बजट सत्र में केंद्रीय बजट पेश होने के साथ ही विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और वित्त विधेयक को पारित किया गया। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चला और दूसरा 9 मार्च को शुरु हुआ और दो अप्रैल तक चला। सत्र की विस्तारित तीन दिन की बैठक 16 अप्रैल से शुरु हुई और आज समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर पर संसद के दोनों सदनों में बयान दिये। उनका कहना था कि यह सत्र ऐतिहासिक रहा है। इस दौरान देश से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने की संसद में घोषणा हुई है। उनका कहना था कि जम्मू कश्मीर में भी लगभग शांति है और पूर्वोत्तर में मणिपुर में आपसी कारणों से माहौल में कुछ गड़बड़ियों के अलावा पूरे देश में शांति का माहौल है और यह भारत सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संसद में उनका बहुमत है लेकिन संविधान संशोधन विधेयक के लिए आवश्यक दो तिहाई बहुमत उनके पास नहीं था इसलिय यह विधेयक लोकसभा में पारित नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधानों को लागू करने वाला विधेयक भी विपक्ष के महिला विरोधी होने के कारण पारित नहीं हो सका। उनका कहना था कि संविधान संशोधन विधेयक जरूरी बहुमत नहीं होने के कारण गिर गया। इस विधेयक के साथ ही दो अन्य विधेयक भी जोड़े गये थे और अब वे दोनों विधेयक लोकसभा की संपत्ति बन गये हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब देश में महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है और इससे संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका तो कांग्रेस का इस पर जश्न मनाना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और इस बारे में आगे जो उचित होगा।

# मोदी दिल्ली से तमिलनाडु पर शासन करना चाहते हैं: राहुल

एजेंसी

'चेन्नई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली से तमिलनाडु पर शासन करने की कोशिश कर रही है।

तिरुवल्लूर जिले के पोनेरी में 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 'समझौता' कर चुके हैं, उसी तरह वे तमिलनाडु में भी एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो उनके आगे नतमस्तक रहे। भाजपा तमिलनाडु में एक ऐसा साझेदार चाहती है जो राज्य की सत्ता की चाबी दिल्ली को सौंप दे। उन्होंने कहा, ''वे एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो श्री मोदी और श्री शाह के आदेशों पर चले। श्री ट्रंप ने जिस तरह मोदी के साथ तालमेल बैठाया है, भाजपा तमिलनाडु में वैसा ही 'समझौतावादी' मुख्यमंत्री चाहती है।''

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य के प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पार्टी अब भाजपा और आरएसएस की पूरी तरह से गुलाम बन चुकी है। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने अन्नाद्रमुक को नष्ट कर दिया है। अब वहां केवल एक खोखला खोल बचा है। जिस अन्नाद्रमुक की तमिल परंपराओं की रक्षा करने की अपनी एक महान विरासत थी, वह बहुत पहले खत्म हो चुकी है। नयी अन्नाद्रमुक केवल एक मुखौटा है, जिसके पीछे भाजपा का असली चेहरा छिपा है।'' उन्होंने जनता को आगाह किया कि अन्नाद्रमुक के नेता भ्रष्टाचार के कारण मोदी और शाह के नियंत्रण में हैं। चुनावी लड़ाई को 'दबाव बनाम सहमति' की वैचारिक लड़ाई बताते हुए श्री गांधी ने भाजपा-आरएसएस को तमिल भाषा और संस्कृति का विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ''एक राष्ट्र, एक नेता और एक भाषा'' का नारा सीधे तौर पर संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा, ''वे नहीं समझते कि तमिल लोगों के लिए उनकी भाषा क्या मायने रखती है। भाजपा-आरएसएस बुनियादी रूप से तमिल विरोधी हैं और वे पेरियार के सामाजिक न्याय के आदर्शों को मिटाना चाहते हैं। लोकसभा में परिसीमन विधेयक मामले का उल्लेख करते हुए श्री गांधी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन ने तमिलनाडु के गौरव की रक्षा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में तमिलनाडु के प्रतिनिधित्व को कम करने और छोटे राज्यों को कमजोर करने की साजिश रची गई थी, जिसे विपक्ष ने विफल कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत राज्यों का एक संघ है, जहां हर राज्य को अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करने का पूरा अधिकार है, इसलिए इस चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों की हार सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

# कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल महिला अधिकारों के खिलाफ : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं हो पाने के लिए शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। परिसीमन को सीटों के पुनर्निर्धारण का अभिन्न अंग बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान 543 सीटों पर ही महिला आरक्षण देने से दक्षिण के राज्यों की सीटें घट जाएंगी। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जहां महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं को कुचलने का 'जश्न' मनाया, जबकि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद और स्मृति ईरानी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और उसकी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को ल्लइस्तेमालङ्क की वस्तु बताने वाली भाषा अस्वीकार्य है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाएं कोई वस्तु नहीं हैं, बल्कि उन्हें सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए। प्रसाद ने महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर भी कांग्रेस के दावों को खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 81(2) के अनुसार लोकसभा सीटों का आवंटन जनसंख्या के आधार पर होता है और बिना परिसीमन के सीटों का पुनर्निर्धारण संभव नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर लगभग 850 की जा सकती है, जिससे 33 प्रतिशत आरक्षण प्रभावी ढंग से लागू हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया आवश्यक है। कांग्रेस 543 सीटों के भीतर ही आरक्षण लागू करने की बात कर रही है। इससे दक्षिणी राज्यों की हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। प्रसाद ने आरोप लगाया कि द्रमुक महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों को बाधित कर रही है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राज्य इस भ्रामक प्रचार से प्रभावित हो रहे हैं। इससे पहले भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकारों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल सत्ता का नहीं, बल्कि समानता के अधिकार का संघर्ष है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद में महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं को कुचलने का 'जश्न' मनाया, जबकि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# व्यापारिक जहाजों के लिए 12980 करोड़ रुपये के समुद्री बीमा पूल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार व्यापारिक जहाजों के लिए समुद्री बीमा कवरेज को सुगम बनाने के उद्देश्य से 12 हजार 980 करोड़ रुपये की संप्रभु गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा पूल 'भारत समुद्री बीमा पूल' बनाने जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस पूल के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यह पूल सतत समुद्री बीमा कवरेज को सुगम बनायेगा और इसके लिए 12,980 करोड़ रुपये की संप्रभु गारंटी प्रदान की जाएगी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह पूल सुनिश्चित करेगा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय स्रोत से भारतीय बंदरगाहों तक माल ढोने वाले जहाजों के लिए किफायती बीमा उपलब्ध होता रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री मार्गों से होकर गुजरें।

वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अनिश्चितता में वृद्धि के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ा है और बीमा लागत में वृद्धि तथा बीमा की निरंतर उपलब्धता में अनिश्चितता उत्पन्न हुई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय जहाजों की तृतीय-पक्ष देनदारियों जैसे तेल प्रदूषण दायित्व, मलबा हटाना, माल की क्षति, चालक दल की चोट और प्रत्यावर्तन, टक्कर दायित्व आदि के लिए पी एंड आई बीमा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटेक्शन एंड इंडेम्निटी समूह (आईजीपी एंड आई) क्लब पर उच्च निर्भरता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनावों के कारण कवरेज हटाए जाने की स्थिति में व्यापार की संप्रभुता और निरंतरता बनाए रखने के लिए एक घरेलू समुद्री जोखिम कवरेज पूल की आवश्यकता थी।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में, सरकार ने संप्रभु गारंटी के समर्थन के साथ भारतीय ध्वजांकित या नियंत्रित जहाजों या भारत के लिए गंतव्य या भारत से प्रस्थान करने वाले जहाजों के लिए इस पूल के गठन को मंजूरी दी है।

## सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है जिस पर लगभग 24,815 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने भारतीय रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के कुल 15 जिलों को कवर किया जाएगा, जिससे भारतीय रेलवे नेटवर्क में करीब 601 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इन परियोजनाओं से रेलवे की लाइन क्षमता में बड़ा इजाफा होगा, जिससे ट्रेनों की आवाजाही तेज और सुगम होगी। साथ ही, भीड़भाड़ कम होगी और सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार आएगा। रेलवे के इस विस्तार से करीब 180.31 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 7.33 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# ...अमेरिका-ईरान संघर्ष-विराम आगे नहीं बढ़ाया जा सकता : ट्रंप

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ा सकता। श्री ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका को जन्म दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। श्री ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में अलग से चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष-विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे। हालांकि इस दौरान लेबनान ने इजराइल पर कई बार संघर्ष-विराम तोड़ने का आरोप लगाया । अन्य घटनाक्रमों में अमेरिकी राजकोषीय विभाग ने एक और छूट जारी की, जिससे प्रतिबंधित समुद्री रास्ते से आने वाले रूसी कच्चे तेल की डिलीवरी और बिक्री की अनुमति मिल गई। यह छूट विशेष रूप से 17 अप्रैल से 16 मई के बीच जहाजों पर लादे गए माल पर लागू होती है। वित्तीय बाजारों पर इसका तेजी से असर देखा गया क्योंकि ईरानी विदेश मंत्री की इस घोषणा के बाद तेल की कीमतें गिर गईं कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है। वहीं एस और पी 500 लगातार तीसरी बार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और नैस्डैक कंपोजिट ने 1992 के बाद से अपनी सबसे लंबी जीत दर्ज की। श्री ट्रंप ने कूटनीतिक मोर्चे पर कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से 'बहुत खुश' हैं और उन्होंने मई में होने वाली अपनी बातचीत से पहले उम्मीद जाहिर की। आने वाले दिन अमेरिका-ईरान बातचीत के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं क्योंकि संघर्ष-विराम के खत्म होने की संभावना और व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता दांव पर लगी हुई है।

# लोक सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा के 28 जनवरी को शुरू हुए बजट सत्र की बैठक शनिवार को संपन्न होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से पहले कहा कि 18वीं लोक सभा के सातवें सत्र की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 28 जनवरी को संसद के दोनों सदनों के एक साथ सदस्यों को संबोधित करने के साथ शुरुआत हुई थी। इस सत्र में 31 बैठकें हुईं और इसमें 151 घंटे और 42 मिनट तक कामकाज हुआ। श्री बिरला ने कहा कि एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया था। बजट पर सामान्य चर्चा लगभग 13 घंटे तक चली और इसमें 63 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 11 फरवरी को चर्चा का जवाब दिया। श्री बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गये और नौ विधेयक पारित किये गये। पारित किये गये कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों में औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026, उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026, वित्त विधेयक, 2026, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026, जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026, केद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक,2026 शामिल हैं। अध्यक्ष ने कहा कि संविधान संशोधन (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026, संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2026, और परिसीमन विधेयक, 2026 पर सदन में 16 और 17 अप्रैल को चर्चा हुई और चर्चा 21 घंटे 27 मिनट तक चली। उन्होंने बताया कि तीनों विधेयकों पर चर्चा में 131 सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक सदन द्वारा पारित नहीं किया गया। चयनित मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर सदन में 16 से 18 मार्च तक चर्चा की गयी और तत्पश्चात सदन द्वारा अनुदान मांगों को पारित किया गया। विनियोग विधेयक 18 मार्च, 2026 को लोक सभा में पारित किया गया और वित्त विधेयक 25 मार्च, 2026 को पारित किया गया। श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 23 मार्च, 2026 को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भारत के समक्ष आ रही चुनौतियों के बारे में एक वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान, 126 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिये गये। शून्य काल के दौरान सदस्यों ने लोक महत्व के 326 मामले उठाये।

# संभावित अल नीनो के बावजूद किसान हित सर्वोपरि : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति तथा आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए कृषि सचिव और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौसम पूर्वानुमान, जल उपलब्धता, फसलों की स्थिति, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था, राज्यों की तैयारियों तथा संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि इस समीक्षा बैठक में श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान हित सर्वोपरि है और संभावित अल नीनो प्रभाव को लेकर सरकार तैयार है। बैठक में बताया गया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की है और मौसमी वर्षा देशभर में दीर्घकालीन औसत के लगभग 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, हालांकि अंतिम आकलन मई के अंत में जारी होगा। श्री चौहान ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट किया कि मौसम संबंधी पूर्वानुमान को गंभीरता से लेते हुए सरकार पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है और किसानों को किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास, बेहतर जल प्रबंधन और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के कारण संभावित चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# पेज एक का शेष

## हाईकोर्ट ने अपना ही...

अवसर मिलना जरूरी है। फिलहाल मामला न्यायिक प्रक्रिया के अगले चरण में है। अदालत के नोटिस के बाद राहुल गांधी की ओर से जो जवाब आएगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह मामला कानूनी और राजनीतिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना हुआ है और देशभर की निगाहें इस पर टिकी हैं।

## नोएडा हिंसा का...

पूछताछ कर अन्य शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर लाकर स्थानीय न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

## विपक्ष को उसके ...

भी मांगी। उन्होंने कहा, मैं देश की माताओं और बहनों से क्षमा प्रार्थी हूं कि हमारा यह प्रयास सफल नहीं हो सका। लेकिन मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम इस लड़ाई को जारी रखेंगे और हर बाधा को पार करेंगे। उन्होंने कहा कि जब कुछ दलों के लिए दलहित, देशहित से बड़ा हो जाता है, तो उसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, उन्हें जनता के बीच इसका जवाब देना होगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में दोहराया कि सरकार इस मुद्दे पर पीछे नहीं हटेगी और भविष्य में महिला आरक्षण को लागू कराने के लिए नए रास्ते तलाशे जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए यह संघर्ष जारी रहेगा।

## होर्मुज में ईरानी...

में भारतीय जहाज तैनात हैं। अधिकारियों ने कहा है कि भारत इस घटना को गंभीरता से ले रहा है और इस अहम समुद्री मार्ग में सुरक्षित और मुक्त आवाजाही का समर्थन करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां से करीब 20 प्रतिशत वैश्विक कच्चा तेल गुजरता है। भारत जैसे देश, जो खाड़ी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में तेल आयात करते हैं, इस रास्ते पर काफी निर्भर हैं। ऐसे में यहां किसी भी तरह का तनाव सीधे वैश्विक बाजार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। ईरान ने कहा है कि उसने यह कदम अमेरिका की ओर से अपने जहाजों और बंदरगाहों पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया है। वहीं, ट्रंप ने दावा किया कि ईरान इस मार्ग को खोलने पर सहमत हुआ था। हालांकि जमीनी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। इस्राइल और क्षेत्रीय संघर्ष के बीच यह घटना पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता को और बढ़ा सकती है।

## केंद्र ने उत्तर प्रदेश...

साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित दाम मिले और उन्हें किसी भी स्थिति में कम दाम पर अपनी फसल बेचने के लिए विवश न होना पड़े। श्री चौहान ने आंध्रप्रदेश में मूल्य समर्थन योजना के तहत चने की खरीद सीमा को 94,500 टन से बढ़ाकर 1,13,250 टन करने की मंजूरी दी है। इससे रबी सीजन 2025-26 के दौरान चना किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार ने कर्नाटक में अरहर (तूर) की खरीद अवधि को 30 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। अब कर्नाटक के किसान 15 मई 2026 तक अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे, जिससे उन्हें अतिरिक्त समय और सही दाम मिल सकेगा।

## मोदी 29 को करेंगे ...

आकर्षित करेगा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। किसानों के लिए यह परियोजना भी काफी लाभकारी होगी। अब कृषि उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंच सकेंगे, जिससे उनकी गुणवत्ता और कीमत बेहतर होगी। जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों की सप्लाई चेन मजबूत होने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

## ...तो अर्धसैनिक...

ओर से सुनिश्चित करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो केंद्रीय बलों की तैनाती कराई जा सकती है। यही नहीं खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध जैसे कड़े आदेश जारी किए जा सकते हैं। सर्वोच्च अदालत ने 8 अप्रैल को वन रक्षक हरकेश गुर्जर की कथित तौर पर रेत माफिया द्वारा चलकर हत्या को प्रशासनिक विफलता करार दिया। सर्वोच्च अदालत ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से मामले में सुनवाई किए जाने और सख्त रुख अपनाने के बीच मुरैना जिला प्रशासन ने संयुक्त टास्क फोर्स गठित कर वन, खनिज और राजस्व विभाग के साथ चंबल क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर निगरानी बढ़ा दी है। रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया है। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी सरकार को 11 मई तक विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## निचली अदालतों की...

कहा, हाल ही में यह एक चलन बन गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा पर्यवेक्षी, अपीलीय या पुनरीक्षण सुनवाई के दौरान दिए गए न्यायिक आदेशों में न्यायिक अधिकारियों की निंदा की जाए और उनके खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणियां/कड़ी आलोचना दर्ज की जाए। उसने कहा, ''राज्य में 'कोर्ट ऑफ रिकॉर्ड' होने के नाते, उच्च न्यायालय से यह अपेक्षा की जाती है कि वह जिला न्यायपालिका के अधिकारियों के संरक्षक के रूप में कार्य करे। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश में खामियां पाए जाने पर न्यायिक व्यवस्था में संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल या अपमानजनक टिप्पणी करना तत्काल प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, ''इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियां/आलोचनाएं न्यायिक अधिकारी के करियर को बर्बाद कर सकती हैं और साथ ही पूरे जिला न्यायपालिका का मनोबल भी गिरा सकती हैं।''

## ममता दीदी को...

सप्ताह ही उत्तर प्रदेश के अंदर 1056 ऐसे परिवारों को भूमि अधिकार दिया गया है, नागरिकता दी गई है, जिन्हें पूर्वी बंगाल से निकाला गया था। कांग्रेस, कम्युनिस्ट दलों व टीएमसी ने सीएए का विरोध किया, लेकिन हमारी सरकार दुनिया के किसी भी कोने में हिंदुओं के साथ मजबूती के साथ खड़ी रहेगी। उनकी सुरक्षा करेगी। मुख्यमंत्री ने टीएमसी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उसे मुस्लिम तुष्टिकरण से फुर्सत ही नहीं है। वह मुसलमानों के अलावा किसी के बारे में नहीं सोचती। बंगाल में आज 'जय श्रीराम' का नारा नहीं लगा सकते, क्योंकि सरकार आप पर अत्याचार करेगी, टीएमसी के गुंडे हमला बोल देते हैं। दुर्गापूजा से पहले उपद्रव हो जाता है। सरकार दुर्गापूजा व विसर्जन की अनुमति नहीं देती, गोहत्या कराती है और आमजन को प्रताड़ित करती है। 2017 से पहले यही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां भी त्योहारों से पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। जय श्रीराम बोलने पर टीएमसी की पार्टनर सपा व कांग्रेस हमला कराती थीं और पुलिस से पिटवाती थीं। जुमे के दिन सड़कें जाम हो जाती थीं। सुबह 5 बजे से लोग मस्जिदों की आवाज से परेशान रहते थे।

# मुख्यमंत्री ने मेट्रो फ़ेज-4 के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

## समय पर काम पूरा करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मेट्रो फ़ेज-4 के अंतर्गत आरके आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समय-सीमा के पालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरके आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन को एक महत्वपूर्ण इंटरचेंज हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां वर्तमान में संचालित ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन के बीच कनेक्टिविटी स्थापित होगी। यह स्टेशन जनकपुरी वेस्ट से आरके आश्रम मार्ग तक विस्तारित 28.92 किलोमीटर लंबे लाइन-8 कॉरिडोर का एक प्रमुख केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि फ़ेज-4 कॉरिडोर के अंतर्गत जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन और दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक के हिस्से पहले ही यात्रियों के लिए खोले जा चुके हैं, जबकि शेष हिस्सों पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर पश्चिम, उत्तर और मध्य दिल्ली के घनी आबादी वाले आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जिससे यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा और प्रदूषण में भी महत्वपूर्ण कमी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना का एक बड़ा हिस्सा बेहद जटिल कॉन्ट्रैक्ट पैकेज के अंतर्गत आता है, जिसमें लगभग 7 किलोमीटर लंबे ट्विन टनल और छह प्रमुख अंडरग्राउंड स्टेशनों जैसे डेरावल नगर, घंटाघर, पुलबंगश, सदर बाजार, नबी करीम और आरके आश्रम मार्ग का डिजाइन और निर्माण शामिल है। उन्होंने इस परियोजना में किए जा रहे इंजीनियरिंग कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सदर बाजार जैसे जटिल क्षेत्रों में भूमिगत स्टेशन का निर्माण, सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन के पास सक्रिय रेलवे लाइन, रानी झांसी फ्लाईओवर और रेड लाइन मेट्रो कॉरिडोर के नीचे सफलतापूर्वक टनल बोरिंग जैसे कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कठिन भूगर्भीय परिस्थितियों जैसे कठोर चट्टानी परतें और जलभराव वाली मिट्टी के बीच अत्याधुनिक तकनीकों और कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें सतह पर ट्रैफिक या मौजूदा परिवहन सेवाओं को किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी गई। उन्होंने कहा कि आरके आश्रम मार्ग स्टेशन न केवल एक प्रमुख इंटरचेंज हब के रूप में कार्य करेगा, बल्कि भविष्य में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार का महत्वपूर्ण आधार भी बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय दिल्ली में भीड़भाड़ को कम करने और सेंट्रल विस्टा सहित प्रमुख प्रशासनिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए मैजेंटा लाइन को आरके आश्रम मार्ग से इंद्रलोक तक विस्तारित किया जाएगा, जो इंद्रप्रस्थ स्टेशन के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

# महिला अधिकारों की विरोधी हैं विपक्षी पार्टियां: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को महिलाओं को अधिकार दिलाने का विरोधी बताया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के हिंदी भवन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन शामिल हुईं। उन्होंने यहां चार सौ ज्यादा महिला उद्यमियों के साथ काला पट्टा बांधकर विपक्ष की महिला विरोधी राजनीति के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बेटियों को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत किया, लेकिन अफसोस कुछ दलों ने इस ऐतिहासिक अवसर को भी संकीर्ण राजनीति की नजर से देखा और महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने में कोई संकोच नहीं किया। संसद में जिन दलों ने महिला आरक्षण का विरोध किया, उनकी दलीलों के पीछे कोई ठोस आधार नहीं था, केवल महिला विरोधी मानसिकता स्पष्ट दिखाई दी। जिन नेताओं ने महिला आरक्षण का विरोध किया है, उनके क्षेत्र में हमारी बहनें और बेटियां उनसे जवाब मांगेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब देश बदल चुका है, नारी शक्ति प्रतीक्षा नहीं करेगी, अपना अधिकार लेकर रहेगी। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि कैट के दो दिवसीय सम्मेलन में चार सौ महिला उद्यमियों ने मुख्यमंक्षी के साथ काले पट्टे बांधकर कांग्रेस का जोरदार विरोध किया। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल रोकने वाली कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया, वो नारी शक्ति की सबसे बड़ी दुश्मन है। देश की बेटियां अब चुप नहीं रहेंगी और कांग्रेस की नारी-विरोधी साजिश बेनकाब हो चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## अमृतसर में 450 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने सीमा पार से हो रही तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए करीब 450 करोड़ रुपये कीमत की 64.62 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके दो तस्करों को काबू किया है। यह गैंग पाकिस्तानी तस्कर मूसा द्वारा चलाया जा रहा था। मूसा कुछ साल पहले भारत में उस समय चर्चा में आया था जब कस्टम ने यहां अटारी–बाघा बार्डर पर एक मालगाड़ी से 532 किलो हेरोइन बरामद की थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि अमृतसर में पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई गई है, जिसे अब आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने इससे पहले की पकड़ लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेश में बैठे हैंडलर्स और पाकिस्तान के मूसा गैंग से भी जुड़े हुए हैं। यह गिरोह सीमा पार से ड्रग तस्करी कर पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करने का काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सरवन सिंह गुर्जर निवासी अवा गांव और शमशेर सिंह गांव इकतियारनगर के रुप में हुई है। दोनों को गांव माहल के पास से पकड़ा गया है। मामले में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच तेजी से जारी है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचना और इसके सभी सहयोगियों को गिरफ्तार करना है।

## राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों की बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था,निशांत को मिली 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा

**पटना।** राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश बिहार गृह विभाग (विशेष शाखा) द्वारा शनिवार को जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा की सुरक्षा घटा दी गई है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके साथ ही जदयू के विधायक और नीतीश कुमार के करीबी श्रवण कुमार को भी सुरक्षा दी गई है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा श्रेणी में खास बदलाव हुआ है। उन्हें पूर्व में 'जेड+' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी, जिसे अब घटाकर 'जेड' श्रेणी कर दिया गया है। इसके अलावा जदयू नेता निशांत कुमार को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। आदेश में उनकी सुरक्षा व्यवस्था को औपचारिक रूप से सूचीबद्ध किया गया है, हालांकि पूर्व सुरक्षा स्थिति का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। इसी क्रम में पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को भी अब वाई+ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। यह श्रेणी अपेक्षाकृत मध्यम स्तर की सुरक्षा व्यवस्था मानी जाती है, जिसमें सशस्त्र एस्कॉर्ट की सुविधा शामिल रहती है। जारी पत्र में कहा गया है कि यह आदेश राज्य सुरक्षा समिति की 17 अप्रैल 2026 को हुई बैठक में की गई अनुशंसाओं के आधार पर जारी किया गया है। आदेश में कई प्रमुख राजनीतिक एवं सार्वजनिक व्यक्तियों की सुरक्षा श्रेणियों में संशोधन किया गया है, जिसे प्रशासनिक दृष्टि से नियमित समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है।

## मालदा मंडल में उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली से सुरक्षा, गति एवं क्षमता को दी नई मजबू

**भागलपुर।** देश के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली रेल सेवाओं को और अधिक सुरक्षित तथा दक्ष बनाने की दिशा में पूर्व रेलवे ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आधुनिक तकनीक एवं सटीक संचालन के समन्वय से मालदा मंडल के अंतर्गत नाथनगर एवं अकबरनगर के बीच छीट मकंदपुर में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। साथ ही भागलपुर एवं अकबरनगर के मध्य डबल डिस्टेंस सिग्नलिंग भी प्रारंभ की गई। यह कार्य न्यूनतम ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान सुव्यवस्थित योजना एवं उत्कृष्ट समन्वय के साथ संपन्न किया गया, जिससे रेल परिचालन की नियमितता एवं समयपालन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के मार्गदर्शन तथा मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम के समर्पित प्रयासों से यह उपलब्धि पूर्व रेलवे की आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में मालदा मंडल द्वारा यह प्रथम आईबीएस कमीशनिंग है तथा वर्ष 2026 में कुल पाँचवीं उपलब्धि है। यह पहल क्षमता वृद्धि एवं तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रगति का प्रतीक है। विभिन्न स्टेशनों एवं खंडों में सुधार किए गए हैं। आईबीएस एवं डबल डिस्टेंस सिग्नलिंग प्रणाली के लागू होने से ट्रेनों के बीच दूरी कम होगी, जबकि सुरक्षा मानक और अधिक मजबूत होंगे। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि, विलंब में कमी तथा यात्रियों को अधिक विश्वसनीय यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा यह आधुनिकीकरण पहल सुरक्षा, क्षमता वृद्धि एवं परिचालन दक्षता को और बेहतर बनाने के हमारे सतत प्रयासों का हिस्सा है। मालदा मंडल में आईबीएस एवं डबल डिस्टेंस सिग्नलिंग की शुरुआत से रेल परिचालन अधिक सुचारु होगा, भीड़भाड़ कम होगी तथा यात्रियों को अधिक भरोसेमंद यात्रा सुविधा मिलेगी।

## अयोध्या संस्कृति कला उत्सव में भक्ति और कला का अद्भुत संगम, बना इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड

**हरिद्वार।** भारतीय संस्कृति फाउंडेशन एवं मंगलम सेवा ट्रस्ट, हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अयोध्या संस्कृति कला उत्सव भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्ज़ा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन भारतीय कला, संस्कृति और भक्ति भाव का अद्वितीय संगम बना, जहां श्रीराम स्तुति पर दी गई विशेष प्रस्तुति के माध्यम से इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया। कार्यक्रम में कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। मंगलम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह एवं भारतीय संस्कृति फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती मानवी शर्मा के मार्गदर्शन में प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से भक्ति और भारतीय परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के सफल संचालन में सचिव ऋतु शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि मीडिया प्रबंधन अभिषेक प्रखर द्वारा संभाला गया। मंच संचालन भावना ने प्रभावी और सशक्त ढंग से किया। वहीं आयोजन का समग्र प्रबंधन अनुष्का, लावण्या एवं अनंता प्रियंशी द्वारा कुशलता से किया गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल बन सका।

# बिहार विधानसभा का विशेष सत्र 24 अप्रैल को, सम्राट चौधरी साबित करेंगे बहुमत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा का दूसरा सत्र आगामी 24 अप्रैल 2026 को बुलाया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह सत्र केवल एक दिन का होगा और सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। राजनीतिक दृष्टि से यह सत्र बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि नई सरकार को इसी दिन सदन में अपना बहुमत साबित करना होगा। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आह्वान-पत्र में सभी विधायकों से समय पर सदन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि कार्यवाही निर्धारित समय पर शुरू होगी और सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस विशेष सत्र में नई सरकार के गठन से जुड़े कई अहम कार्य पूरे किए जाएंगे। इसमें विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) का चुनाव, बहुमत परीक्षण और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं शामिल हैं। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला विधानसभा सत्र होगा, जिसमें वे सदन में मुख्यमंत्री के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और विजेंद्र यादव भी पहली बार इस भूमिका में नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। संविधान और संसदीय परंपरा के अनुसार, जब भी नई सरकार बनती है या मुख्यमंत्री बदलता है, तो उसे सदन में फ्लोर टेस्ट (बहुमत परीक्षण) के जरिए यह साबित करना होता है कि उसके पास विधायकों का पर्याप्त समर्थन है। बिहार के 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 122 विधायकों का समर्थन आवश्यक होता है। वर्तमान स्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास स्पष्ट बहुमत है, जिससे सम्राट चौधरी सरकार को बहुमत साबित करने में किसी प्रकार की बाधा आने की संभावना कम है।

विधानसभा में दलीय स्थितिः

राजग गठबंधन के अंतर्गत

भारतीय जनता पार्टी- 89, जनता दल (यूनाइटेड)- 85, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास)- 19, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा - 5, राष्ट्रीय लोक मोर्चा- 4।

कुल मिलाकर राजग को लगभग 201-202 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

वहीं विपक्षी महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल- 25, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ऽ 6, भाकपा (माले)- 2, भाकपा (मार्क्सवादी)-1, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के 1 सदस्य हैं।

अन्य दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन- 5 और बहुजन समाज पार्टी का एक विधायक है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि बिहार विधानसभा में संख्याबल के आधार पर राजग की नई सरकार मजबूत स्थिति में है और 24 अप्रैल को होने वाला बहुमत परीक्षण औपचारिकता भर साबित हो सकता है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित बदमाश 'पल्टू' गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी में संगठित अपराध पर लगाम कसने के अभियान के तहत दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के प्रयास के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित दीपक उर्फ पल्टू को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपित पर पहले से ही कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपित दीपक उर्फ पल्टू (27) रोहिणी का रहने वाला है और वह वर्ष 2025 में बुद्ध विहार थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। इस मामले में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते शिकायतकर्ता पर कांच के धारदार टुकड़े से हमला किया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की एनआर-क्र टीम को 17 अप्रैल को आरोपित की लोकेशन को लेकर पुख्ता सूचना मिली। इसके बाद एएसआई अनिल, अजय और सुमित की टीम ने इंस्पेक्टर पंकज ठाकरान के नेतृत्व में पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपित को धर दबोचा।

# शाहीन बाग में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़, तीन आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शाहीन बाग इलाके में छापेमारी कर 108 एलपीजी सिलेंडर और दो वाहन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल अवैध ढंग से गैस की सप्लाई और ट्रांसपोर्ट के लिए किया जा रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि यह कार्रवाई 18 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने 40 फुटा रोड, शाहीन बाग में छापेमारी कर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कुलदीप (35), आशीष (22) और विजय (28) के रूप में हुई है, जो हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सूर्य विहार के रहने वाले हैं। इनमें से कुलदीप पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रह चुका है। जांच में सामने आया है कि आरोपित घरेलू उपयोग के लिए सब्सिडी पर मिलने वाले एलपीजी सिलेंडरों को स्थानीय गैस एजेंसी से अवैध रूप से हासिल करते थे। इसके बाद वे इन सिलेंडरों से गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते और उन्हें बाजार में ऊंचे दामों पर बेचते थे। इस तरह वे न केवल सरकारी सब्सिडी का दुरुपयोग कर रहे थे, बल्कि बाजार में कृत्रिम कमी भी पैदा कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि इस तरह की अवैध रिफिलिंग से गंभीर हादसों का खतरा भी बना रहता है, क्योंकि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पुलिस अब इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों और पूरे सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगी

भागलपुर। जिले के क्षनाथनगर थाना क्षेत्र से नौकरी के नाम पर एक युवती से धोखाधड़ी एवं बदसलूकी करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां नाथनगर मनसकामना मंदिर स्थित माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को उस वक्त हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया जब ठगी की शिकार एक युवती अपने पैसे मांगने आरोपी शिक्षक राघवेन्द्र पासवान से स्कूल पहुंच गई। युवती का आरोप है कि शिक्षक राघवेन्द्र पासवान ने नौकरी के नाम छः साल पूर्व पांच लाख रुपए लिए थे। पैसे मांगने पर शिक्षक ने युवती के साथ न केवल गाली गलौज किया बल्कि डंडे से मारने के लिए दौड़ गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गलत व्यवहार किया। युवती ने घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर पीड़िता को समझा बुझाकर घर भेज दिया। युवती का कहना है कि मेरी शादी होनेवाली है। मुझे पैसों की जरुरत है। यदि पैसे नहीं दिए तो मेरी शादी टूट जाएगी। यदि मेरी शादी टूट गई तो मै आत्महत्या कर लुंगी।

# श्री दरबार साहिब नतमस्तक हुए गायक बी प्राक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। मशहूर गायक बी प्राक ने शुक्रवार देर रात श्री दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। इस दौरान उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ मत्था टेककर 'सरबत दा भला' की अरदास की।

बी प्राक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि बी प्राक ने सफ़ेद रंग का कुर्ता-पजामा पहना हुआ है। उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिन्हें फैंस उनकी सादगी और आध्यात्मिक जुड़ाव का सुंदर उदाहरण बता रहे हैं। वे यहां परिक्रमा क्षेत्र में बैठे रहे और शांत भाव से गुरबाणी का श्रवण करते रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने ऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2026 का किया शुभारंभ, बोले– यात्रा आत्मिक ऊर्ज़ा का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा 2026 का शनिवार को ऋषिकेश से विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चारधाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने देशभर से आए श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा आस्था, साधना और आत्मिक ऊर्ज़ा का संगम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दिव्य हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा मार्ग और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि देवभूमि की पवित्रता को बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में ग्रीन चारधाम यात्रा और प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ धाम का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही यात्रा मार्गों पर डस्टबिन की अनिवार्यता और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर, रोपवे परियोजनाएं और धामों में पुनर्निर्माण कार्यों से यात्रा सुविधाओं में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने यात्रियों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ में अस्पताल तैयार है, जबकि बद्रीनाथ में 50 बेड का अस्पताल जून तक तैयार हो जाएगा। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने बताया कि यात्रा मार्गों पर शटल सेवा, हेल्पलाइन और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सूचना व्यवस्था को मजबूत किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063